दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली। सोमवार 06 अप्रैल -2026 | वर्ष : 11 अंक : 103 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# 2027 में 2017 को दोहराना है, सपा को सैफई पहुंचाना है : केशव मौर्य

## महर्षि महाकुंभ में बोले - असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में कमल खिलने जा रहा है





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कश्यप निषाद समाज के नेता नरेंद्र कश्यप द्वारा आयोजित महाकुंभ का आयोजन रामलीला मैदान घंटाघर में रविवार को किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने मंच से सपा, कांग्रेस और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा, तो मंत्री नरेंद्र कश्यप की जमकर तारीफ भी की। कार्यक्रम में भले उत्तर प्रदेश सरकार के दूसरे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ना पहुंच पाए हो लेकिन उन्होंने मोबाइल पर अभिवादन स्वीकार कर सभी का धन्यवाद किया। तो इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना भी साधा। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2027 में 2017 को दोहराना होगा और समाजवादी पार्टी को सैफई पहुंचाना होगा। उन्होंने मंच से साफ शब्दों में घोषणा कर दी है कि असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में कमल खिलने जा रहा है और कहा है कि 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं को मिलने जा रहा है।

**केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव में मोदी जी के नेतृत्व में महिलाओं को मिलने जा रहा है।**

उन्होंने कहा अब संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने वाली है। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल भीड़ का अभिवादन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने आए अतिथियों का स्वागत धन्यवाद किया और मंत्री ने मांग की है कि कश्यप-निषाद समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। साथ ही उन्होंने इस बात की घोषणा की है कि जिस तरीके से गाजियाबाद में एक करोड़ रुपए से अधिक की भगवान महर्षि कश्यप की मूर्ति स्थापित और पार्क बनवाया गया है। ऐसा ही काम पश्चिम उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की जानसठ तहसील में किया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने फोन के जरिए किया मंत्री नरेंद्र कश्यप और कार्यक्रम में शामिल भीड़ का अभिनंदन







### चाय वाला देश का और गाय वाला प्रदेश का भविष्य सुधार रहे हैं : मयंक गोयल

करंट क्राइम : इस कार्यक्रम के मंच पर बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि जिस तरीके से नरेंद्र कश्यप द्वारा इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था, आज यह पूरे उत्तर भारत की पहचान बन गया है। उन्होंने कहा है जिस तरीके से चाय वाला देश को और गाय वाला प्रदेश को गौरवशाली ढंग से चलाने का काम कर रहा है, उसे तमाम विपक्ष और अखिलेश यादव जैसे नेता हताश, परेशान और दुखी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज पश्चिम उत्तर प्रदेश विकास के पद पर दौड़ रहा है और हर तरफ कमल ही कमल खिल रहा है।



### सत्येंद्र सिसोदिया ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत



करंट क्राइम : कार्यक्रम में भले पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया देरी से पहुंचे हो लेकिन उन्होंने पहुंचते ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का मंच से स्वागत किया। साथ ही बेहतर और विस्तार पूर्वक आयोजन के लिए मंत्री नरेंद्र कश्यप का धन्यवाद देते हुए महर्षि कश्यप का नारा लगाया और कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया।



### नरेंद्र कश्यप के पूरे परिवार ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत

करंट क्राइम : कश्यप महाकुंभ जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नरेंद्र कश्यप के पूरे परिवार ने मंच पर उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ परिवार के सदस्यों ने न सिर्फ फोटो ली बल्कि उनका स्वागत भी किया। तो वहीं डिप्टी सीएम ने भी सभी छोटों और परिवार की महिलाओं से मुलाकात की और उनका धन्यवाद दिया। साथ ही मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया है कि भले ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मौर्य लिखते हो लेकिन वह भी कश्यप समाज के बहुत चिंतक हैं और उनका गोत्र भी कश्यप है।



### डिप्टी सीएम बृजेश ने कहा दादरी की रैली में कश्यप समाज के कार्यक्रम से कम भीड़ दिख रही थी

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीते दिनों अखिलेश यादव की दादरी में रैली हुई थी और वहां की भीड़ कश्यप समाज के महाकुंभ में मौजूद लोगों से कम नजर आ रही थी। उन्होंने लोगों से 2027 के चुनाव में समर्थन की अपील की है और कहा है कि समाजवादी पार्टी डूबता हुआ जहाज है, जो अस्त होता हुआ सूरज है। सपा की चुनावी जमीन खिसक रही है, चुनाव में वही हाल सपा का होने वाला है जो 2017 में हुआ था।

### डिप्टी सीएम बोले पश्चिम उत्तर प्रदेश कभी दंगों की आग में सुलगता था



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी की सरकार और सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश कभी दंगों की आग में सुलगता था। आज उत्तर प्रदेश और प्रयागराज रामराज्य और निषाद राज्य के आशीर्वाद से दंगाविहीन हो चुका है, यहां शांति और खुशहाली है।

### तीन करोड़ लोगों को और मिलेगा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता का जितना भला किया है, इतना कोई सोच भी नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि साठ लाख प्रधानमंत्री आवास बनाकर तैयार हो गए हैं और तीन करोड़ और मिलने जा रहे हैं।

### सपाइयों का पीडीए फार्मूला नाटक है : केशव प्रसाद मौर्य

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के पीडीए फार्मूले को नाटक करार दिया है। उन्होंने कहा जब अखिलेश की सरकार थी तो कितने पिछड़ों और दलितों को सम्मान और पद दिया गया। उन्होंने कहा कि तब ना न्याय मिलता था। भ्रष्टाचार चरम पर था, कोई जिम्मेदारी नहीं थी। दंगाइयों और अराजकता का माहौल बना रहता था।

### डिप्टी सीएम ने सबसे पहले लिया क्षेत्रीय अध्यक्ष का नाम, संगठन को भी दी बधाई

करंट क्राइम : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मंच पर भाषण शुरू करने पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया का नाम लिया। फिर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का, सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी, संजीव शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल और संगठन से जुड़े प्रदीप चौधरी, महामंत्री गौरव चौपड़ा, पंकज भारद्वाज व्यापारी नेता अतुल जैन, संजीव गुप्ता के साथ ही सागर कश्यप का भी प्रमुखता से नाम लिया गया।







### मंच पर नजर आए यह चेहरे

करंट क्राइम : कश्यप निषाद समाज की ओर से नरेंद्र कश्यप की अगुवाई में आयोजित महाकुंभ के मंच पर जहां सांसद अतुल गर्ग मौजूद रहे। तो वहीं पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, हापुड़ जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, मुरादनगर विधानसभा सीट से विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सौरभ जायसवाल, प्रदीप चौधरी, पप्पू पहलवान, विजय मोहन, अजय शर्मा, गोपाल अग्रवाल, मास्टर मनोज नगर, रियासुद्दीन सलमानी, श्यामवीर सिंह, सागर कश्यप, विशाल कश्यप, पवन कश्यप सहित बड़ी संख्या में दिल्ली-एनसीआर, बुंदेलखंड और पश्चिम उत्तर प्रदेश से आए पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल रहे।



### बृजेश पाठक ने मोबाइल से किया धन्यवाद



करंट क्राइम : उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने तकनीकी माध्यम से मोबाइल फोन के जरिए जनसभा को संबोधित किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मंत्री नरेंद्र कश्यप को धन्यवाद दिया।

### दिव्यांगजनों को 319 सहायक उपकरण वितरित किए

करंट क्राइम : महर्षि कश्यप जयंती पर रामलीला मैदान, घंटाघर में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों को 319 सहायक उपकरण वितरित किए। इनमें ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन व कृत्रिम अंग शामिल रहे। लाभार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों की प्रदर्शनी व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आकर्षित किया। उपमुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि सरकार उनके उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है।





### एसीपी और एसएचओ ने संभाली सुरक्षा की कमान

करंट क्राइम : कार्यक्रम में दो-दो डिप्टी सीएम को शामिल होना था, इसलिए बड़ी संख्या में पुलिस बल और सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। एसीपी घंटा घर कोतवाली उपासना पांडे और घंटाघर थाना प्रभारी सचिन कुमार बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मंच और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा में मुस्तैद रहे।



# दिल्ली में गहराता एलपीजी संकट सरकार का दावा- सब ठीक-ठाक है



**नई दिल्ली।** दिल्ली में गहराते गैस संकट ने अब छोटे ढाबों और रेहड़ी-पटरी पर खाना बेचने वालों की रोजी-रोटी पर सीधा असर डाला है। पहले जहां एलपीजी सिलेंडर की नीली लौ पर दाल-रोटी पकती थी, वहां लकड़ी और कोयले के चूल्हे जल रहे हैं। धुएं के बीच खाना बनाना मजबूरी बन गया है और बढ़ती लागत ने छोटे कारोबारियों की कमर तोड़ दी है।

आउटर रिंग रोड सीमापुरी में सड़क किनारे ढाबा चलाने वाले बृजेश ने बताया कि पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा है। एजेंसी जाने पर स्टॉक खत्म होने की बात कही जाती है। मजबूरी में लकड़ी का चूल्हा जलाना पड़ रहा है। पहले एक सिलेंडर से कई दिन काम चलता था लेकिन अब रोज लकड़ी खरीदनी पड़ती है जिससे खर्च बढ़ा और मुनाफा घटा है।

भजनपुरा में ठेला लगाकर खाना बेचने वाले सोनू ने कहा कि बाजार में गैस ब्लैक में मिल रही है जिसकी कीमत 3000 से ज्यादा है। जो छोटे दुकानदारों के लिए बहुत महंगा है। सिलेंडर खरीदने पर खाने का रेट बढ़ाना पड़ेगा, जो हर कोई ग्राहक नहीं दे पाएगा। ऐसे में लकड़ी और कोयले का सहारा लेना पड़ रहा है। धुएं में काम करने से आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होती है।

सीलमपुर के ढाबा संचालक मो. रसीद का कहना है कि गैस कमी का असर ग्राहकों की संख्या पर भी पड़ा है। लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनने में समय ज्यादा लगता है, ग्राहक इंतजार नहीं कर पाते और दूसरे जगहों पर चले जाते हैं। अब आधी कमाई भी मुश्किल हो गई है। करावल नगर में चाय और पराठा बेचने वाले आलोक तिवारी बताते हैं कि गैस संकट ने छोटे ढाबों को पुराने दौर में धकेल दिया है। लकड़ी के चूल्हे पर काम करना मुश्किल है, साथ ही धुएं और गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। अगर जल्द गैस आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो छोटे ढाबे बंद हो सकते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस संकट का ज्यादा असर गरीब और छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है। बड़े होटल और रेस्टोरेंट किसी तरह सिलेंडर का इंतजाम कर लेते हैं लेकिन छोटे ढाबे वालों के पास सीमित संसाधन हैं।

ऐसे में प्रशासन और आपूर्ति विभाग से गैस की नियमित आपूर्ति करने की मांग तेज हो गई है।

## चीनी कैमरों की बात छुपा सुरक्षा खतरे में डाल रही सरकार- राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर चीनी सीसीटीवी और एप्स के जरिये होने वाली विदेशी निगरानी की सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया है। शनिवार को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने दावा किया कि प्रतिबंध के बावजूद सरकारी इमारतों में चीनी कैमरे चालू हैं, जिससे नागरिकों की सुरक्षा और डाटा गोपनीयता खतरे में है। राहुल ने इसे राष्ट्र सुरक्षा से खिलवाड़ बताते हुए कहा, यह भारत को अंधेरे में रखने की एक सोची-समझी साजिश है। दरअसल, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने यह आरोप चीनी सीसीटीवी कैमरों के मुद्दे पर संसद में पूछे गए प्रश्न और सरकार के जवाब का हवाला देते हुए लगाया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा में 25 मार्च को सीसीटीवी से जुड़े सवाल पूछे थे। उन्होंने कहा, सरकार ने हाल में चीनी सीसीटीवी कैमरों के सार्वजनिक इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया, लेकिन सरकारी

## मृतक के नाम पर चलता रहा गैस कनेक्शन केवाईसी अटकी तो परिजन हुए परेशान

**बरेली।** बरेली जिले के करीब दो हजार गैस कनेक्शन मृतकों के नाम पर हैं। परिजनों को आसानी से सिलिंडर मिलते रहे तो उन्होंने नामांतरण नहीं कराया। अब लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की किल्लत के बीच सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हुई तो इसकी पोल खुली। पेट्रोलियम कंपनियों ने पांच साल से ई-केवाईसी नहीं कराने वाले कनेक्शन धारकों की बुकिंग स्थगित कर दी तो परिजन चेते। अब ऐसे लोग नामांतरण के लिए एजेंसी और कचहरी के चक्कर काट रहे हैं।



पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते जब एलपीजी संकट गहराया तो एजेंसियों ने सत्यापन शुरू किया। दस्तावेज मांगे गए तो मामला अटक गया। तब परिजनों ने नया कनेक्शन लेने की कोशिश की पर रोक की वजह से वह भी नहीं हो पाया। थक-हारकर उन्होंने कनेक्शनधारक की मृत्यु होने की बात कुबूली और नामांतरण की प्रक्रिया शुरू कराई। अब उनको मृत्यु प्रमाणपत्र के साथ ही पहचान और रिश्ते से जुड़े कई दस्तावेज प्रस्तुत करने पड़ रहे हैं। इन्हें जुटाने के लिए वे कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। अगर समय पर नामांतरण या नया कनेक्शन करा लेते तो यह झंझट नहीं होती है।

हरूनगला निवासी कुसुम के पिता का निधन कोरोना महामारी के दौरान हुआ था। निधन के बाद भी गैस कनेक्शन जारी रहा। गैस बुकिंग का पेच फंसा ती एजेंसी पहुंचकर निधन की जानकारी दी। अब प्रक्रिया के तहत उनका कनेक्शन ट्रांसफर कराया गया।

पुराना शहर निवासी अफजल मुंबई में नौकरी करते हैं। उनके पिता की मौत के बाद भी गैस कनेक्शन जारी रहा। केवाईसी की बाध्यता से गैस एजेंसी पहुंचकर निधन की जानकारी दी। भाई-बहन ने बाहर होने की वजह से अनापत्ति शपथ पत्र देने के लिए समय मांगा है।

## चुनाव आयोग पर भड़कीं ममता: ईवीएम बदलने की जताई आशंका, कहा- अगर मशीन खराब हो तो बदलवाओ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को चुनावी सभा में मतदाताओं से अपील की कि वे वोट के जरिए बदला लेने की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने भवानीपुर में एक रैली में अपनी कार्यकताओं से ईवीएम की निगरानी करने के लिए कहा है।



रविवार को समसेरगंज में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि जिन लोगों के नाम सूची से हटे हैं, वे ट्रिब्यूनल में अपील करें और मतदान के जरिए इसका जवाब दें। उन्होंने कहा, ऐसा वोट करें कि नतीजे ही बता दें कि नाम हटाने की राजनीति स्वीकार नहीं है। ममता बनर्जी ने बिना नाम लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में मतदाताओं के नाम हटाने के पीछे उनकी भूमिका है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा, अगर हिम्मत है तो सीधे मुकाबला करें।

**चुनावी सतर्कता और ईवीएम पर बयान :** मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकताओं से 4 मई तक पूरी सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि कुछ जगहों पर ईवीएम मशीनें खराब कराई जा सकती हैं। ऐसे में उन्होंने निर्देश दिया कि मशीनों की मरम्मत न होने दें, बल्कि उन्हें बदलने की मांग करें। ममता बनर्जी ने कहा, ₹सभी ईवीएम मशीनों की अच्छी तरह से जांच करें। बूथ एजेंटों को भी ईवीएम की अच्छी तरह से जांच करनी चाहिए... मुझे उनकी योजना पता है... वोटिंग के बाद, सीआरपीएफ और केंद्रीय बलों की निगरानी में, वे अंदर जाकर मशीन बदल सकते हैं, इसलिए हमें 24 घंटे निगरानी रखनी होगी। आपको ध्यान से देखना होगा कि वे ईवीएम को हैक न कर लें।

मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज, जो 2025 में वक्फ बिल के विरोध में हिंसा का केंद्र रहा था, वहां ममता ने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा मुस्लिम समुदाय के हितों की रक्षा की है। उन्होंने भाजपा पर उनके खिलाफ झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

## मणिपुर विश्वविद्यालय परिसर में बम विस्फोट के खिलाफ छात्र



**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्रालय ने 2025-26 में अब तक का सबसे बड़ा खर्च किया है, जो 11,810.82 करोड़ रुपये है। यह पिछले साल के 10,409 करोड़ रुपये से लगभग 14% अधिक है।

मंत्रालय ने कहा कि यह खर्च समय पर कल्याण योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए किया गया। इसमें अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़े वर्ग, सफाई कर्मचारियों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर और भिक्षुकों के कल्याण की योजनाओं पर भी सबसे ज्यादा खर्च हुआ। मंत्रालय का कहना है कि यह कदम सरकार की सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण और सबको साथ लेकर विकास की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## प्रेमी के लिए बहन ने किया भाई का कत्ल रचा ऐसा स्वांग, 'उठो ना, देखो मैं आ गई, मुझे छोड़कर मत जाओ'

**मेरठ।** भैया उठो ना... देखो मैं आ गई... मुझे छोड़कर मत जाओ... भाई के शरीर से लिपटकर बहन अलका की ये करुण पुकार जिसने भी सुनी, उसका कलेजा कांप उठा था। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद जब अंकित का शव घर पहुंचा, तो अलका का विलाप देखकर हर आंख नम थी। लेकिन किसे पता था कि यह विलाप दुख नहीं बल्कि एक शातिर कातिल का खौफनाक नाटक था।

अंकित की मौत के बाद अलका ने शोक का ऐसा मंजर रचा कि पुलिस और ग्रामीण भी एक पल के लिए चकमा खा गए। वह बार-बार बेसुध हो रही थी भाई को शराब छोड़ने की अपनी पुरानी सलाहों का वास्ता दे रही थी और खुद को कोस रही थी। सिसकियों के बीच उसने कहा था, मैं उसे बार-बार टोकती थी कि शराब मत पिया करो... अगर उसने मेरी बात मान ली होती, तो आज वह जिंदा होता।



लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि जिस भाई को अलका एकमात्र सहारा बता रही थी उसे रास्ते से हटाने के लिए उसने अपने प्रेमी पवन उर्फ पोली के साथ मिलकर मौत की पूरी स्क्रिप्ट लिखी थी।कल तक लोग चर्चा कर रहे थे कि अलका ने भाई की जिम्मेदारी के चलते शादी नहीं की थी लेकिन हकीकत में वही उसकी कालित निकली।

दौराला में तीन लोगों मौत के मामले में शनिवार को चौकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस की तफ्तीश में सामने आया है कि स्पेलर संचालक बाबूराम प्रजापति, जितेंद्र कश्यप व अंकित उर्फ दौलत की मौत शराब पीने से नहीं, बल्कि एक सोची-समझी हत्या थी। अंकित उर्फ दौलत की सगी बहन अलका ने ही अपने प्रेमी पवन उर्फ पोली के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। पुलिस ने अलका और उसके प्रेमी पवन को हिरासत में ले लिया है। कड़ी पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि अंकित की बहन अलका का गांव के ही पवन उर्फ पोली के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अंकित इस रिश्ते का विरोध करता था जो अलका और पवन की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बना हुआ था। इसके अलावा अलका की नजर अंकित के हिस्से की जमीन पर भी थी।

## अभिनेता मोहनलाल से जुड़ी सामग्री का इस्तेमाल नहीं करने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अभिनेता मोहनलाल की पहचान के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया खातों को 36 घंटे के भीतर आपत्तिजनक सामग्री और संबंधित उत्पाद हटाने का आदेश दिया है। अदालत ने अंतरिम आदेश देते हुए ई-कॉमर्स वेबसाइट, सोशल मीडिया अकाउंट और अज्ञात व्यक्ति जैसे कई प्रतिवादियों को अभिनेता के नाम, तस्वीर, आवाज और अन्य पहचान का इस्तेमाल करने से रोक दिया। अदालत ने कहा इस तरह का उपयोग, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक जैसी तकनीकों के जरिये, व्यक्ति के अधिकारों का उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मोहनलाल की पहचान का उपयोग कर टी-शर्ट, पोस्टर या अन्य सामान बेचना गलत है।

## 'गैस कनेक्शन कटेगा' के झांसे में न आएं

# अपराधियों के निशाने पर हैं गैस उपभोक्ता



**हाथरस।** डिजिटल दौर में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। अब गैस उपभोक्ताओं को निशाना बनाकर फर्जी मैसेज के जरिए फोन हैक करने की कोशिश की जा रही है। जिले में ऐसे दो मामले सामने आए हैं, जिसके बाद साइबर सेल ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

**अब गैस उपभोक्ताओं को निशाना बनाकर फर्जी मैसेज के जरिए फोन हैक करने की कोशिश की जा रही है।**

### केस-1

चमन विहार कॉलोनी निवासी आनंद के मोबाइल पर 2 मार्च को गैस कनेक्शन काटने से संबंधित मैसेज आया, जिसमें ई-केवाईसी के लिए एक लिंक दिया गया था। लिंक पर क्लिक करते ही एक एप इंस्टॉल हो गई। कुछ देर बाद जब उन्होंने यूपीआई एप खोली तो वार्निंग दिखाई दी। संदेह होने पर उन्होंने डाउनलोड फाइल चेक की, जिसमें एपीके फाइल मिली। स्थिति समझते हुए उन्होंने तुरंत फोन फॉर्मेट कर दिया।

### केस-2

मेंडू निवासी भूपेंद्र के मोबाइल पर भी इसी तरह का मैसेज आया। पहले से सतर्क होने के कारण उन्होंने लिंक पर क्लिक नहीं किया। गैस एजेंसी से संपर्क करने पर मैसेज फर्जी निकला। एहतियात के तौर पर उन्होंने भी फोन फॉर्मेट कर दिया।

### लिंक क्लिक करते ही हैक हो सकता है फोन

साइबर अपराधी मैसेज के जरिए लिंक भेजकर मोबाइल में मालवेयर इंस्टॉल कर देते हैं। इन दिनों गैस सब्सिडी रुक गई है या केवाईसी न होने पर कनेक्शन कट जाएगा जैसे मैसेज भेजे जा रहे हैं। लिंक पर क्लिक करते ही फोन का एक्सेस हैकर्स के पास चला जाता है, जिससे बैंक खाते और निजी डाटा खतरे में पड़ सकता है।

### साइबर सेल की एडवाइजरी

साइबर सेल ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और अनजान कॉल पर ओटीपी साझा न करें। गैस से जुड़े काम केवल आधिकारिक ऐप या अधिकृत वेबसाइट के जरिए ही करें। ई-केवाईसी भी केवल विश्वसनीय प्लेटफॉर्म से ही कराएं।

### क्या कहते हैं अधिकारी

साइबर सेल प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि अपराधी पैनिक पैदा कर लोगों को जाल में फंसाते हैं। यदि गैस कनेक्शन या सब्सिडी से जुड़ा कोई संदिग्ध मैसेज मिले तो उसकी पुष्टि संबंधित एजेंसी से करें। फिलहाल इस तरह के मामलों में ठगी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सतर्क रहना जरूरी है।

## 400 रुपये के लिए हत्या: नाबालिगों ने कारोबारी को दौड़ा-दौड़ाकर मारा चाकू, भीड़ बनी रही तमाशबीन

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना एरिया इलाके में शुक्रवार शाम नाबालिग लड़कों एक युवक की दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से वारकर हत्या कर दी। आरोपी युवक को तब तक चाकू मारते रहे जब तक युवक अचेत नहीं हो गया। गंभीर हालत में पीड़ित मोहम्मद कैफ (26) को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

हत्या की खबर मिलते ही जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के पर पहुंच गए। क्राइम टीम व एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए। जांच के बाद हत्या का मामला दर्ज कर शनिवार सुबह 16 साल के तीनों नाबालिग आरोपियों को दबोच लिया गया। छानबीन में पता चला है कि महज 400 रुपये के लिए नाबालिगों ने उसकी हत्या कर दी।



दरअसल, नाबालिगों ने कैफ को कबाड़ का कुछ सामान बेचा था। उसमें 400 रुपये की लेनदेन का विवाद हो गया था। नाबालिग पिछले तीन दिनों से कैफ से अपने 400 रुपये मांग रहे थे। इस बात को लेकर तू-तू-मैं-मैं भी हुई थी। आरोप है कि शुक्रवार शाम को तीनों आरोपी ओल्ड मुस्तफाबाद पहुंचे और कैफ पर चाकू से हमला कर दिया।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि मोहम्मद कैफ परिवार के साथ गली नंबर-20, न्यू मुस्तफाबाद में रहता था। इसके परिवार में पिता मोहम्मद निजाम, मां, दो भाई मोनी और आशी के अलावा दो बहनें हैं। निजाम का पेंट का काम है, वहीं कैफ घर पर ही स्क्रैप का कारोबार करता था।

तीनों नाबालिग भी एरिया में रहते हैं। कुछ दिनों पूर्व इन लोगों ने कैफ को कुछ कबाड़ बेचा था।

## उच्च शिक्षण संस्थान लेंगे आंगनवाड़ी केंद्र गोद, छात्रों को इंटर्नशिप का मौका

**नई दिल्ली।** अब देश के प्रतिष्ठित संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और विश्वविद्यालय अपने आसपास के पांच से छह आंगनवाड़ी केंद्रों की जिम्मेदारी उठाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) को मजबूत करने के लिए यह योजना तैयार की गई है।

## ओडिशा सरकार ने आरक्षण बढ़ाया

**ओर्ऻडिसा।** ओडिशा सरकार ने मेडिकल और तकनीकी शिक्षा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण बढ़ाया और ओबीसी (रएइउ) के लिए नई कोटा शुरू की। मुख्यमंत्री मोहन चरण मझी ने कहा कि रळ का आरक्षण 12% से बढ़ाकर 22.5% और रउ का 8% से बढ़ाकर 16.25% कर दिया गया है। ओबीसी छात्रों के लिए 11.25% सीटें आरक्षित होंगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम मोदी ने ईस्टर पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ईस्टर के पावन अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपने संदेश में कहा ईस्टर की शुभकामनाएं सभी को, खासकर हमारे ईसाई भाइयों और बहनों को! यीशु मसीह के पुनरुत्थान का यह पवित्र पर्व प्रेम, आशा और वैश्विक भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। यीशु मसीह की शिक्षाएं हमें शांति और सामंजस्य के मार्ग पर ले जाएं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा ईस्टर की शुभकामनाएं। यह पवित्र दिन आशा और नवीनीकरण का प्रतीक है। यह सभी के जीवन में शांति, आनंद और उजाला लाए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि यीशु मसीह की शिक्षाएं सभी को दयालु और सहयोगी बनने के लिए



प्रेरित करें और समाज में एकता की भावना मजबूत करें। ईस्टर, यीशु मसीह के मृतकों से पुनरुत्थान की याद दिलाता है और यह पूरे विश्व में आशा, प्यार और नई शुरूआत का संदेश देता है।

गप्रधानमंत्री मोदी ने इसके अलावा पूर्व उपप्रधानमंत्री और दलित नेता जगजीवन राम की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जगजीवन राम का देश के प्रति अमूल्य योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

## मौसम का उलटफेर: उत्तर से दक्षिण तक कहीं तेज बारिश तो कहीं ओले

**मौसम**

### किसानों पर बढ़ा खतरा, फसल खराब होने की संभावना



**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ और ऊपरी हवा में बने चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से देशभर के मौसम में बड़ा बदलाव दर्ज किया जा रहा है, जिसका सबसे ज्यादा असर उत्तर भारत में दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में भारी बारिश, तेज आंधी, तूफान और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं जनजीवन को प्रभावित कर सकती हैं, जबकि किसानों को फसलों के नुकसान का खतरा बढ़ गया है। देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में मौसम ने अचानक करवट ली है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जहां 64.5 से 115.5 मिमी तक वर्षा होने का अनुमान है। इन इलाकों में ऑरेंज अलर्ट लागू है और कई स्थानों पर पहले से ही बादल छाए हुए हैं तथा बारिश का दौर जारी है।

पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते भूस्खलन जैसी घटनाओं की आशंका भी जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है। इसके साथ ही ऊपरी हवा में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है और पश्चिमी भारत के ऊपर उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम लगातार सक्रिय है।

## इफको ने 4,106 करोड़ रुपये का लाभ कमाया

**नई दिल्ली।** दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सहकारी संस्था इफको ने वित्त वर्ष 2025-26 में सफलता का नया इतिहास रचा है। संस्था ने 118.75 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों की रिकॉर्ड बिक्री की और 4,106 करोड़ रुपये का कुल लाभ अर्जित किया। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने किसानों को भरोसा दिलाया है कि आगामी सीजन में उर्वरकों की कोई कमी नहीं होगी और इसके लिए भंडार में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। नैनो तकनीक की लोकप्रियता बढ़ी है।

## मणिपुर में म्यांमार सीमा के पास 4 उग्रवादी गिरफ्तार

**मणिपुर।** मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास चार उग्रवादी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि ये गिरफ्तारियां मोरेह पुलिस थाने इलाके के यांगौबुंग गांव से की गईं। उग्रवादियों की पहचान पीपल्स लिबरेशन आर्मी के 25 साल के केइशम सुमंता मैतेई, एनआरएफएम के 32 साल के अंगोम सोमोरजीत सिंह, कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के 26 साल के युमनाम नाओबा सिंह और 25 साल के खुंद्रकपम श्यामसन मैतेई के तौर पर की गई।


**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर गाजियाबाद।**

पत्रांकः /न0पा0प0खो0/ई–निविदा/2026 दिनांकः 04 अप्रैल 2026

**ई प्रोक्योरमेन्ट/ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर हेतु निकाय के समस्त वाहनों की सर्विस/मरम्मत एवं वार्षिक रख–रखाव के कार्य हेतु ई–निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांकः 06.04.2026 की प्रातः 10:00 बजे से 27.04.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांकः 27.04.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टैण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्तें जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-453/न0पा0परि0खो0/ई–निविदा/2026दिनांकः 04 अप्रैल 2026 |
| Publish and Time for RFP | 06.04.2026 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 27.04.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 27.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora-Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Document Processing | As per Tender list. |

अवर अभियन्ता | (डॉ शैलेन्द्र कुमार सिह) अधिशासी अधिकारी | (मोहिनी शर्मा) अध्यक्ष

06 April -26 page 3 05-04-26 9:45 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 06 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम — ट्वीट का करंट

Pandit R D Sharma
36m ·

नसीहत नर्म लहजे में ही
अच्छी लगती है क्योंकि
दस्तक का मक़सद दरवाज़ा
खुलवाना होता है तोड़ना नहीं



# पुलिस कमिश्नरेट में क्राइम रेट हुआ एक साल में कम ऑपरेशन प्रहार और एनकाउंटर का दिखा दम

**रिपोर्ट**

**"यश ऐप से मिल रही है सफलता, थानों की बदल रही है तस्वीर**






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में 16 अप्रैल को एक वर्ष पूरा होने जा रहा है।इस एक वर्ष के दौरान पुलिसिंग के तौर-तरीकों में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। सख्त कानून व्यवस्था, तकनीक का उपयोग और जनसहभागिता के मॉडल ने अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार किया है। पुलिस कमिश्नर की कार्यशैली की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने अपराध नियंत्रण के साथ-साथ पुलिस व्यवस्था को जनहितैषी और जवाबदेह बनाया है। बात चाहे बीट पुलिसिंग को मजबूत करते हुए जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण, पासपोर्ट व कर्मचारी सत्यापन की पारदर्शी प्रक्रिया, मुकदमा दर्ज होने के बाद उसकी कॉपी पीड़ित के घर तक पहुंचाने जैसी व्यवस्थाओं ने जनता का भरोसा बढ़ाया है। ऑपरेशन कन्विक्शन के जरिए अपराधियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया को भी तेज किया गया है, जिससे अपराधियों में कानून का भय स्पष्ट नजर आता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की अगुवाई में गाजियाबाद कमिश्नरेट की पुलिसिंग ने एक साल में ठोस बदलाव दिखाया है, जहां सख्ती, तकनीक और जनविश्वास के संतुलन से अपराध नियंत्रण में प्रभावी सफलता मिलती नजर आ रही।

## क्राइम का ग्राफ बता रहा है बदलाव

करंट क्राइम : अपराध के आंकड़ों में भी यह बदलाव साफ दिखाई देता है।वर्ष 2025 की तुलना में 2026 में लूट की घटनाएं घटकर मात्र 6 रह गई हैं। वाहन चोरी के मामलों में भी कमी दर्ज की गई है। ।पिछले वर्ष 1018 के मुकाबले इस वर्ष 709 मामले सामने आए हैं। अन्य अपराधों पर भी नियंत्रण देखने को मिला है, जो पुलिस की सक्रिय रणनीति का परिणाम है। ऑपरेशन प्रहार कमिश्नर की प्रमुख पहचान बनकर उभरा है।इसके तहत अब तक 245 किलो गांजा व अन्य मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत 80 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। साथ ही 37 अवैध हथियार भी जब्त किए गए हैं। स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान, सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार-प्रसार और सोशल मीडिया के माध्यम से इस अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया गया है।

## यक्ष ऐप से डिजिटल पुलिसिंग हुई मजबूत

करंट क्राइम : यक्ष मजबूत माध्यम बनकर सामने आया है। इसमें अपराधियों की फोटो, लोकेशन, आपराधिक इतिहास सहित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध रहती है, आवाज से लेकर फोटो और फिंग्रप्रिंट जिससे पुलिस की कार्रवाई तेज और प्रभावी हुई है। अब तक 2132 बीट के अंतर्गत 3680 गलियों-मोहल्लों की टैगिंग और 33,650 से अधिक अपराधियों का सत्यापन किया जा चुका है।

## बदल रहे हैं थाने, लाइन और कार्यालय



करंट क्राइम : सिर्फ अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि पुलिस ढांचे में भी बड़ा बदलाव किया गया है। पुलिस कार्यालय, पुलिस लाइन, क्राइम ब्रांच और कई थानों का आधुनिकीकरण किया गया है। मसूरी, साहिबाबाद, शालीमार गार्डन, इंदिरापुरम और लिंक रोड थानों की तस्वीर बदल चुकी है, जबकि कवि नगर, विजयनगर, घंटाघर कोतवाली, सिहानी गेट, नंदग्राम और लोनी बॉर्डर थानों को भी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है।

### एक साल की बड़ी उपलब्धियां

- लूट और वाहन चोरी समेत कई अपराधों में उल्लेखनीय कमी।
- ऑपरेशन प्रहार के तहत 245 किलो मादक पदार्थ व 37 अवैध हथियार बरामद।
- ऑपरेशन कन्विक्शन से अपराधियों को तेजी से सजा।
- यक्ष ऐप के जरिए 33,650 अपराधियों का सत्यापन।
- बीट पुलिसिंग और जनशिकायत निस्तारण में तेजी।
- तकनीक आधारित पुलिसिंग और डेटा का प्रभावी उपयोग।
- थानों, पुलिस लाइन और कार्यालयों का आधुनिकीकरण।
- स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान।
- जनता के साथ बेहतर समन्वय और भरोसा।

## अपराधियों और देश विरोधी नेटवर्क पर वार



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट के मौजूदा कार्यकाल में अपराध और देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई देखने को मिला है। पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में टीम ने कई बड़े खुलासे और एनकाउंटर कर अपराधियों के हौसले पस्त किए हैं। मसूरी थाना पुलिस ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया, वहीं हाल ही में कौशांबी थानाक्षेत्र के पूरी इलाके से पाकिस्तान तक जुड़े नेटवर्क का खुलासा कर बड़ी सफलता हासिल की। यह कार्रवाई पुलिस की सतर्कता और मजबूत खुफिया तंत्र को दशार्ती है। इसी क्रम में रंगदारी मांगने वाले कुख्यात बदमाश बलराम ठाकुर का फुल एनकाउंटर किया गया। लोनी क्षेत्र में सलीम वास्तविक पर जानलेवा हमला करने वाले दो सगे भाइयों को भी मुठभेड़ ढ़ेर किया गया। पुलिस ने ऑपरेशन लंगड़ा के तहत लूट, स्नैचिंग, चोरी और पशु तस्करी में शामिल बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर कई अपराधियों को गिरफ्तार किया। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से जहां अपराधियों में खौफ है, वहीं आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।

### वर्षवार अपराध का रिकॉर्ड

| | 2024 से 2025 | 2025 से 2026 |
|---|---|---|
| लूट | 21 | 6 |
| स्नैचिंग | 198 | 38 |
| नकबजनी | 105 | 49 |
| वाहन चोरी | 1018 | 709 |
| अन्य चोरी | 728 | 383 |



# राजनगर एक्सटेंशन नूरनगर में बनेगा हाईटेक पुलिस मुख्यालय

## 45 करोड़ की लागत से तैयार होगा आधुनिक भवन, जल्द सीएम योगी करेंगे ऑनलाइन शुभारंभ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को जल्द ही एक अत्याधुनिक और हाईटेक पुलिस मुख्यालय की सौगात मिलने जा रही है। राजनगर एक्सटेंशन के नूरनगर क्षेत्र में प्रस्तावित इस भवन का निर्माण कार्य इसी महीने शुरू होने की संभावना है। प्रदेश सरकार की पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत इस महत्वाकांक्षी परियोजना को प्राथमिकता दी गई है, जिसका उद्देश्य पुलिसिंग को तकनीकी रूप से मजबूत और अधिक प्रभावी बनाना है। करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह मुख्यालय भूतल सहित छह मंजिला होगा। लगभग 12 हजार वर्ग मीटर भूमि पर बनने वाले इस प्रोजेक्ट का कुल निर्मित क्षेत्रफल करीब 7 हजार वर्ग मीटर रखा गया है। भवन को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यहां पुलिस प्रशासन को अत्याधुनिक कार्य वातावरण मिल सके और आम जनता को भी त्वरित व बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकें। नया पुलिस मुख्यालय गाजियाबाद को स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### मुख्य बिंदु

- **लागत :** करीब 45 करोड़ रुपये
- **स्थान :** राजनगर एक्सटेंशन, नूरनगर
- **क्षेत्रफल :** 12 हजार वर्ग मीटर
- **निर्मित क्षेत्र :** 7 हजार वर्ग मीटर
- **संरचना :** भूतल सहित 6 मंजिल
- **उद्देश्य :** हाईटेक पुलिसिंग और बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था

### भवन में प्रमुख सुविधाएं

- कंट्रोल एवं कमांड सेंटर व आईटीएमएस
- कोर्ट रूम, मीडिया ब्रीफिंग रूम
- वीआईपी वेटिंग एरिया व जनसाधारण प्रतीक्षा कक्ष
- 100 क्षमता वाला कॉन्फ्रेंस हॉल
- ऑडिटोरियम व प्रशिक्षण कक्ष
- वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आधुनिक कार्यालय व्यवस्था

## कंट्रोल एवं कमांड सेंटर, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, प्रतीक्षा कक्ष और कैंटीन रहेगी खास

करंट क्राइम : भवन के भूतल पर कंट्रोल एवं कमांड सेंटर, आईटीएमएस (इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम), कोर्ट रूम, जनसाधारण के लिए प्रतीक्षा कक्ष और कैंटीन की व्यवस्था होगी। वहीं प्रथम और द्वितीय तल पर डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालय बनाए जाएंगे। चौथे तल पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त का कार्यालय और 100 लोगों की क्षमता वाला कॉन्फ्रेंस हॉल प्रस्तावित है। पांचवें तल पर पुलिस आयुक्त का कार्यालय, मीडिया ब्रीफिंग रूम और वीआईपी प्रतीक्षा कक्ष बनाए जाएंगे, जबकि छठे तल पर ऑडिटोरियम और प्रशिक्षण कक्ष की सुविधा उपलब्ध होगी। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद गाजियाबाद पुलिस की कार्यप्रणाली में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आधुनिक तकनीकों से लैस यह मुख्यालय कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जल्द ही इस परियोजना का ऑनलाइन शुभारंभ किए जाने की संभावना है, जिसके बाद निर्माण कार्य को गति मिलेगी।

# अतिक्रमण से नाराज भाजपा पार्षद खुद ही बैठ गया जब धरने पर

## पहले किया अनशन फिर पहुंच गया पुलिस चौकी और दे दी पुलिस में तहरीर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कहावत तो ये है कि अब तो सरकार तेरी है , फिर काहे की देरी है। इसका मतलब ये है कि जिस दल की सरकार होती है वो त्वरित तरीके से काम करते हैं। उनकी शिकायत पर सरकारी विभाग संज्ञान लेते हैं, एक्शन होता है और समाधान होता है। लेकिन इंदिरापुरम में ऐसा नहीं हो रहा है और भाजपा पार्षद केवल इस बात को लेकर धरने पर बैठ गये कि उनके वार्ड में अतिक्रमण हो रहा है।

अतिक्रमण किसी पार्किंग का नहीं है, अतिक्रमण दुकान वालों का नहीं है। भाजपा पार्षद तो इस बात ये नाराज हैं कि ठेली पटरी वालों ने उनके वार्ड में अतिक्रमण कर लिया है। अब हो सकता है कि भाजपा पार्षद ने पहले निगम में शिकायत की हो तो निगम के दस्ते ने इन ठेली पटरी वालोंको नहीं हटाया है। हो सकता है कि भाजपा पार्षद ने पुलिस में शिकायत की हो। जो शिकायत आरडब्ल्यूए को करनी है, जो शिकायत व्यापार मंडल को करनी है वो शिकायत भाजपा के पार्षद ने की है। मामला इंदिरापुरम के वार्ड संख्या 79 का है। यहां से भाजपा पार्षद हरीश कड़ाकोटी पार्षद हैं। हरीश कड़ाकोटी एक्टिव पार्षद हैं। क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए एक्टिव रहते हैं। लेकिन जब उनके वार्ड में ठेली पटरी वालों ने अतिक्रमण कर लिया तो नाराज कड़ाकोटी धरने पर बैठ गये। हालाकि पहले भी भाजपा पार्षद धरने पर बैठे हैं लेकिन ठेली पटरी वालों से नाराज होकर किसी भाजपा पार्षद के धरने पर बैठने का ये पहला मामला है। हरीश कड़ाकोटी पहले धरने पर बैठे , इसके बाद वो खुद ही स्थानीय पुलिस चौकी में गये और यहां उन्होंने ठेली पटरी वालों के अतिक्रमण वालों के खिलाफ तहरीर दी। हरीश कड़ाकोटी का कहना है कि क्षेत्र में अतिक्रमण से लोग परेशान हैं। ये बढ़ता जा रहा है, इसलिए उन्हें धरने पर बैठना पड़ा। उनका मानना है कि ठेली पटरी वालों का अतिक्रमण एक बहुत बड़ी समस्या है। बहरहाल अब भाजपा पार्षद अब धरने पर बैठने के बाद खुद ही धरने से उठ गये और खुद ही जाकर पुलिस चौकी में तहरीर दे आये। उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही एक्शन होगा और ठेली पटरी वालों को हटाया जाये।

# इसलिए सियासत के बड़े खिलाड़ी माने जाते हैं राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप

## समाज की ताकत से लेकर राजनीतिक वजूद का दिखाई देता है शानदार मुलाहिजा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति में कुछ चेहरे अपनी विरासत भी खुद तय करते हैं और अपनी सियासत का कद भी वो खुद तय करते हैं। राजनीति में कुछ चेहरे अपनी ताकत का तराजू भी खुद होते हैं। राजनीति में कुछ चेहरे अपने समाज का पर्यायवाची बनते हैं, और कुछ चेहरे दिखाते हैं कि कर्मभूमि को कैसे विकसित कियाजाता है। इन सब खुबियों के साथ राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप का नाम लिया जा सकता है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में नरेन्द्र कश्यप गाजियाबाद के सबसे मजबूत राजनीतिक प्रोफाईल के नेता है। अगर उनके राजनीतिक कद की बात करें तो निश्चित रूप से वो प्रदेश स्तर के नेताओं की गिनती में हैं। अगर कश्यप समाज की बात करें तो उनके आसपास भी इस समाज का कोई नेता नहीं है। और अगर भगवागढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद में उनका राजनीतिक प्रोफाईल देखें तो सबसे मजबूत राजनीतिक प्रोफाईल के वो नेता हैं। मौजूदा परिदृश्य में जब कई चेहरे राजनीति में सिर्फ नेता शब्द से काम चला रहे थे तब नरेन्द्र कश्यप विधानपरिषद सदस्य बन चुके थे। वो लगातार तीन बार एमएलसी रहे हैं, वो राज्यसभा सांसद रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि जनप्रतिनिधि वाली पारी के साथ साथ उन्होंने संगठन वाली जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाया है। उनके दल की बात छोड़ दें और उनके पॉलिटिकल बल की बात करें तो वो राष्ट्रीय महासचिव रहे हैं, वो तीन प्रदेशों के प्रभारी रहे हैं और राजनीतिक जिम्मेदारी का ये जज्बा आज भी दिखाई देता है। वो सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होने के साथ साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। राजनीति में उनका कद क्यों बड़ा माना जाता है और क्यों वो बड़े प्रोफाईल के नेता माने जाते हैं इस बातको एक बार फिर घंटाघर रामलीला मैदान पर आयोजित महर्षि कश्यप जयंती महाकुंभ ने साबित किया। एक ऐसा मंच जिसे फूलों के गुलदस्ते की तरह नरेन्द्र कश्यप ने सजाया। जहां डिप्टी सीएम आये, विधायक आये और सामने मैदान पर केवल कश्यप ही नहीं सर्वसमाज की भीड़ थी। नरेन्द्र कश्यप ने इस महाकुम्भ के जरिये एक संदेश दिया कि वो आने वाले समय की सामाजिक समरसता के सबसे बड़े संवाहक हैं। वो अपने समाज की एक बड़ी ताकत को साथ लेकर चलते हैं। जो भी इस कार्यक्रम में पहुंचा उसी ने नरेन्द्र कश्यप की राजनीतिक ताकत का लोहा माना। नरेन्द्र कश्यप ने भी एक बार फिर साबित किया कि वो मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में केवल एनसीआर ही नहीं, केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की राजनीति के मजबूत खिलाड़ी बनकर सामने आ रहे हैं। घंटाघर रामलीला मैदान से वो एक मजबूत पैगाम देने में हैं। बड़ी बात है कि उन्होंने ऐसे समय में एक मजबूत कार्यक्रम किया है जब इसका केवल सामाजिक संदेश जाना है। चुनाव के नजदीक हो तो सभी नेता ताकत दिखाने के लिए कार्यक्रम करते हैं, लेकिन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने ताकत के साथ साथ अपने विजन को भी दिखाया है। उन्होंने ऐसे समय में एक बड़ा सम्मेलन किया है जब चुनाव आसपास नहीं हैं। उनकी कोई फिलहाल सियासी मजबूरी भी नहीं है, वो प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। वो ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। लेकिन एक बड़ी भीड़ और सुसज्जित मंच के साथ संदेश देने में सफल रहे हैं कि उन्हें क्यों राजनीति का कुशल खिलाड़ी कहा जाता है। नरेन्द्र कश्यप हर वर्ष 5 अप्रैल को महाकुंभ का आयोजन करते हें। समय के साथ उन्होंने यहां अपने अंदाज को बदला है। कश्यप जयंती पर वो अब सर्व समाज को साथ लेकर चलते हैं। वो राजनीतिक हस्तियों को बुलाते हैं। वो अपने समाज के साथ साथ अन्य समाज के गणमान्य लोगों को आमंत्रित करते हें। ये नरेन्द्र कश्यप का सियासी वजूद है कि भाजपा के कार्यकर्ता भी इसमें शामिल होते हैं और भाजपा संगठन साथ लगता है। सर्वसमाज का कार्यक्रम होता है तो इसका संदेश बड़ा जाता है। राजनीतिक लिहाज से नरेन्द्र कश्यप इस कार्यक्रम का आयोजन नहीं करते हैं लेकिन कार्यक्रम की भव्यता से राजनीतिक संदेश निकलता है। जब मैदान में भारी भीड़ होती है और मंच पर बड़े नेता होते हैं तो यहां से पिछड़े और अति पिछड़ों की आवाज का एक प्लेटफॉर्म तैयार होता है। सबसे बड़ी बात ये है कि नरेन्द्र कश्यप गाजियाबाद से पिछड़ों और अति पिछड़ों की राजनीतिक ताकत के एकजुट होने का संदेश देने में पूरी तरह सफल रहे हैं। वो ये साबित करने में सफल रहे हैं कि अगर कोई भी व्यक्ति पूरी निष्ठा के साथ और दृढ संकल्प तथा मजबूत ईरादों से किसी लक्ष्य की ओर बढ़ता है तो वो उसे जरूर हासिल करता है। नरेन्द्र कश्यप ने हालातों से जूझते हुए उनपर विजय पायी है और एक मजबूत योद्धा की तरह वो सामने आये हैं। शानदार सफल कार्यक्रम का आयोजन कराया है और इस कार्यक्रम की गूंज दिल्ली के बड़े दरबारों से लेकर लखनाऊ तक गयी है। एक सफल कार्यक्रम नरेन्द्र कश्यप के खाते में फिर से आया है।

### एक बड़ी लाईन खींच दी है नरेन्द कश्यप ने ओबीसी पॉलिटिक्स में





करंट क्राइम। नरेन्द्र कश्यप अपने पॉलिटिकल कैरियर में पिछड़ों और अति पिछड़ों के हित चिंतक के रूप में राजनीति करते आये हैं। वो अधिवक्ता हैं और बहुत ही शानदार वक्ता हैं। सारगर्भित तरीके से अपनी बात को रखते हैं। जो लोग उन्हें जानते हैं वो इस बात को भी जानते हैं कि पिछड़ों और अति पिछड़ों की बात करें तो वो एक मजबूत जानकारी आंकड़ों के साथ लिये हुए हैँ। नरेन्द्र कश्यप की राजनीतिक चिंतन की धुरी इसी वर्ग के आसपास घूमती है। उन्होंने पिछड़ों और अति पिछड़ों की सामाजिक राजनीतिक स्थिति को लेकर लगातार मंचों से आवाज उठायी है। सदन में आवाज उठायी है। इसे कहने में कोई दोराय नहीं है कि नरेन्द्र कश्यप ने मौजूदा समय में ओबीसी पॉलिटिक्स को लेकर एक बड़ी लाईन खींच दी है। वो केवल पिछड़े ही नहीं बल्कि अति पिछड़ों के उत्थान की सोच लेकर चलने वाले नेता हैँ। उनके राजनतिक विरोधी भी इस बात को महसूस कर रहे हैं कि ओबीसी पॉलिटिक्स की रेस में नरेन्द्र कश्यप काफी आगे चल रहे हैं। एक बार फिर सफल कश्यप महाकुंभ का आयोजन कराकर नरेन्द्र कश्यप यूपी की राजनीति में छा गये हैं।

# संवाद

## संपादकीय

# तेल संकट बढ़ा खतरा

अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष अब सैन्य ठिकानों से आगे बढ़कर ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हमलों तक पहुंच गया है। पुल, रिफाइनरी और गैस सुविधाओं को निशाना बनाने से वैश्विक तेल सप्लाई प्रभावित हुई है। होर्मुज स्ट्रेट संकट से तेल कीमतें बढ़ने और वैश्विक महंगाई-मंदी का खतरा बढ़ गया है, जबकि शांति प्रयास जारी हैं। अमेरिका-इस्राइल और ईरान जंग सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से इतर अब पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं को तबाह करने की तरफ मुड़ गई है। बीते 24 घंटे में दोनों पक्षों ने पुल, रिफाइनरी और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले किए हैं। यह दुनिया के लिए बहुत बुरी खबर है। तबाही की धमकी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बीते दिनों दावा किया कि उनकी ईरान की नई रेजीम के साथ अच्छी बात चल रही है। फिर देश के नाम संबोधन में उन्होंने ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी दी और अब शांति के प्रयासों से हटकर बात तबाही पर आ गई है। अमेरिका ने तेहरान के पास एक पुल पर बम गिराया, तो ईरान ने कुवैत और वअए में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निशाना साधा। धमकी दी है कि वह पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी असेट्स को बर्बाद कर देगा। फिर कैसे उबरेंगे लेकिन इसमें नुकसान पूरी दुनिया का है। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरानी नाकाबंदी की वजह से पहले ही लगभग 20% ग्लोबल ऑयल सप्लाई कम हो गई है। माना जा रहा है कि अगर जंग रुकती है, तो सप्लाई को फिर से सामान्य करने में कुछ महीने लग सकते हैं। लेकिन, अगर एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले हुए, तो उससे उबरने में कई साल लग जाएंगे।

नाकाफी होंगे इंतजाम कुवैत, कतर और सऊदी अरब की ऑयल-गैस फैसिलिटीज और ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड को पहले ही इस युद्ध में काफी नुकसान पहुंचा है। कतर के ऊर्जा मंत्री शेरिडा अल-काबी ने तो पिछले महीने कहा था कि उनके देश की निर्यात क्षमता 17% तक कम हो सकती है। अभी देशों के पास अपना स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी की अपील पर सदस्य देशों ने भी ऑयल रिजर्व रिलीज करने पर हामी भरी है। वहीं भारत ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के दबाव से बचाने के लिए बीते दिनों एक्साइज ड्यूटी में कटौती की। लेकिन, अगर हमले जारी रहते हैं, तो सारे इमरजेंसी इंतजाम भी नाकाफी साबित होंगे। इस बीच, क्रूड ऑयल के 200 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के अनुमान भी लगाए जा रहे हैं। शांति का प्रयास खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तेल से जुड़ी है और उस तेल से कई देशों की अर्थव्यवस्था जुड़ती है। इसमें गड़बड़ी से मंदी और महंगाई की दोहरी मार पड़ेगी, जिसका असर भी दिखने लगा है। होर्मुज को खुलवाने के लिए कई देश मिलकर प्रयास कर रहे हैं। यह तो जरूरी है ही, जल्द ही यह युद्ध भी रुकना चाहिए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 1910 में गेंद के मैदान के ऊपर से जाने पर 6 रन दिए गए।
- 1928 में वेस्ट इंडीज की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1932 भारतीय टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1952 पाकिस्तान की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- ब्रॉयन लारा ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाये। 400 इंग्लैंड के खिलाफ।
- ऑस्ट्रेलिया सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप जीतने वाला देश है।
- वर्ल्ड कप में गेंद का रंग लाल होता था परन्तु 1992 के वर्ल्ड कप में गेंद का रंग सफेद कर दिया गया।
- वर्ल्ड कप में सचिन तेंदुलकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं।
- 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया। यह मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच में खेला गया जिसमे ऑस्ट्रेलिया की जीत हुई।
- 1880 में इंग्लैंड में पहला टेस्ट मैच खेला गया, जिसमे इंग्लैंड की जीत हुई। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के साथ खेला गया।
- 1889 में साउथ अफ्रीका की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।

## राशिफल

**मेष :** मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी।

**वृष :** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच?छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कर्क :** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है।

**सिंह :** प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी।

**कन्या :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें।

**तुला :** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं।

**वृश्चिक :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है।

**धनु :** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें।

**मकर :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे।

**कुंभ :** पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन :** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# बाजार में गिरावट, 6 दिग्गज कंपनियों को 64 हजार करोड़ का नुकसान

## वैश्विक अस्थिरता और तेल कीमतों के असर से सेंसेक्स-निफ्टी कमजोर, एयरटेल को सबसे ज्यादा झटका



**नई दिल्ली।** वैश्विक अस्थिरता और छोटे कारोबारी हफ्ते के कारण बाजार कमजोर रहा और 10 में से 6 बड़ी कंपनियों को करीब 64,734 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ, जिसमें भारती एयरटेल सबसे ज्यादा प्रभावित रही। पिछले हफ्ते छुट्टियों की वजह कम दिनों का कारोबार रहा। इस दौरान देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से छह के बाजार मूल्य में गिरावट दर्ज की गई। इन कंपनियों को कुल करीब 64,734 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सबसे ज्यादा नुकसान भारती एयरटेल को हुआ।

इसका मतलब है कि शेयर बाजार में कुल मिलाकर कमजोरी रही। पिछले हफ्ते बीएसई सूकांक (सेंसेक्स) 263.67 अंक (यानी 0.35 फीसदी) गिरा। जबकि, एनएसई निफ्टी में 106.5 अंक (यानी 0.46 फीसदी) की कमी दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रूकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, बाजार लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुआ। यह लगभग आधा फीसदी नीचे रहा। यह गिरावट वैश्विक व घरेलू अनिश्चितताओं के कारण बढ़ी अस्थिरता को दिखाती है। उन्होंने बताया कि छुट्टियों वाले इस छोटे हफ्ते की शुरूआत कमजोर रही। इसका कारण अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव व कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी रहा। इससे निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ और बाजार में बड़े पैमाने पर बिकवाली देखी गई।

हालांकि, सप्ताह के बीच में बाजार में कुछ सुधार भी देखने को मिला। भू-राजनीतिक तनाव में कमी और तेल की कीमतों में नरमी के कारण बाजार संभला। इसके बावजूद बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा। इसकी वजह वैश्विक संकेतों में बदलाव, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, रुपये की कमजोर और महंगाई को लेकर चिंता रही।

इसके विपरीत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्य 22,359 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,028.43 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का बाजार मूल्य 12,374.76 करोड़ रुपये बढ़कर 5,27,409.43 करोड़ रुपये पहुंच गया। लार्सन एंड टुब्रो के बाजार मूल्य में 6,575.43 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई और यह 4,97,111.62 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्य 3,518.45 करोड़ रुपये बढ़कर 18,28,034.07 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही।

इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारतीय एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

### भारती एयरटेल को सबसे अधिक नुकसान

भारतीय एयरटेल का बाजार मूल्य 29,993.07 करोड़ रुपये से घटकर 10,20,420.26 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्य 12,845.81 करोड़ रुपये घटकर 8,70,705 करोड़ रुपये हो गया।

### बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी का भी बाजार मूल्य घटा

इसी तरह, बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्य में 11,169.36 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,14,226.12 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी का बाजार मूल्य 7,822.79 करोड़ रुपये से घटकर 11,56,195.90 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्य 2,349 .59 करोड़ रुपये कम होकर 4,85,190.60 करोड़ रुपये रह गया। जबकि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 553.84 करोड़ रुपये घटकर 9,41,015.31 करोड़ रुपये हो गया।

# सामाजिक न्याय मंत्रालय का रिकॉर्ड खर्च, 11,810 करोड़ पार

## कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए सरकार की बड़ी पहल

**नई दिल्ली।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वित्त वर्ष-26 में अब तक का सबसे बड़ा खर्च 11,810 करोड़ दर्ज किया है। इस राशि का उपयोग एससी/ओबीसी कल्याण, नशा मुक्ति और कमजोर वर्गों के कल्याण कार्यक्रमों में किया गया। केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक का सबसे अधिक खर्च दर्ज किया है।

MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT

मंत्रालय ने इस दौरान कुल 11,810.82 करोड़ खर्च किए, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले करीब 14 प्रतिशत ज्यादा है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह खर्च मंत्रालय के तहत आने वाले सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा किया गया है। सरकार का कहना है कि यह राशि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन को दशार्ती है। खास बात यह है कि अनुसूचित जाति (रउ) और अन्य पिछड़ा वर्ग (डइउ) के लिए चल रही योजनाओं पर भी इस साल रिकॉर्ड स्तर पर खर्च किया गया है। इससे इन वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इसके अलावा नशा मुक्ति (ड्रग डिमांड रिडक्शन), सफाई कर्मचारियों के कल्याण, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर समुदाय और भिक्षावृत्ति में लगे लोगों के पुनर्वास से जुड़े कार्यक्रमों पर भी पहले के मुकाबले ज्यादा खर्च किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि यह बढ़ा हुआ खर्च सरकार की उस प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# तेल महंगाई के बीच आरबीआई रख सकता है ब्याज दर स्थिर

**पश्चिम एशिया संकट से बढ़ा दबाव एमपीसी बैठक पर बाजार की नजर**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया के संघर्ष के बीच कच्चे तेल की भड़कती कीमतों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी है, जिसका सीधा असर अब घरेलू बाजार पर पड़ने की आशंका है। आगामी मौद्रिक नीति समिति की बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद लगाए बैठे कर्जदारों को फिलहाल निराशा हाथ लग सकती है। विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों के अनुसार, विकास की गति और महंगाई के बीच सटीक संतुलन साधने के लिए केंद्रीय बैंक इस बार 'वेट एंड वॉच' की रणनीति अपनाएगा और रेपो रेट को जस का तस बनाए रखेगा।

पश्चिम एशिया के तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच बाजार की निगाहें वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्वि-मासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पर टिक गई हैं, जिसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक 6 से 8 अप्रैल 2026 तक होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक के परिणाम और मुख्य नीतिगत दरों (रेपो रेट) पर रिजर्व बैंक के अंतिम निर्णय की घोषणा 8 अप्रैल 2026 को की जाएगी। विदेशी बाजारों में ब्रेंट क्रूड ऑयल के 55% तक महंगे होने और घरेलू स्तर पर विनिर्माण पीएमआई के चार साल के सबसे निचले स्तर पर आने के कारण रिजर्व बैंक के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों का कहना है, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) फरवरी 2026 में घोषित पिछली मॉनिटरी पॉलिसी की घोषणा भारत के साथ कई देशों के मुक्त व्यापार समझौते की बाद हुई थी।

### वेट एंड वॉच की रणनीति पर आगे बढ़ेगा आरबीआई

केयरएज रेटिंग एजेंसी के मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, रबहुत अधिक उतार-चढ़ाव वाले इस वैश्विक माहौल के बीच हम उम्मीद करते हैं कि रेपो रेट यानी ब्याज दर कटौती पर आरबीआई का रुख जैसा है वैसा ही बना रहेगा।र उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक आगामी बैठक में बदलती भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रखेगा। सिन्हा के अनुसार वेट एंड वॉच की रणनीति आरबीआई को विकास और महंगाई के जोखिमों का अनुमान लगाने, भविष्य में ब्याज दरों पर सोच-समझकर फैसला लेने और फ्लेक्सिबिलिटी बनाए रखने में मदद करेगी। वे कहते है कि आनेवाली पॉलिसी पर वित्त वर्ष 2027 के लिए आरबीआई के ग्रोथ और महंगाई के आउटलुक के लिए करीब से नजर रखी जाएगी।

# मूडीज ने घटाया भारत का ग्रोथ अनुमान

**पश्चिम एशिया संकट से विकास दर 6% तक आने की आशंका | तेल महंगाई और सप्लाई बाधाओं से आर्थिक दबाव बढ़ने का खतरा**



**नई दिल्ली।** मूडीज ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते भारत की आर्थिक वृद्धि और महंगाई को लेकर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा कीमतों और आपूर्ति बाधाओं के कारण विकास दर धीमी हो सकती है और आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। मूडीज रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाते हुए नए वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इसे 6 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 6.8 प्रतिशत आंका गया था। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से भारत की आर्थिक गति पर असर पड़ेगा और महंगाई के जोखिम बढ़ेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, एलपीजी आपूर्ति में बाधा और ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू स्तर पर असर दिख सकता है। इससे परिवहन लागत बढ़ेगी और खाद्य महंगाई पर भी दबाव पड़ेगा, क्योंकि भारत उर्वरकों के आयात पर निर्भर है। पश्चिम एशिया से भारत में कच्चे तेल का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का 90 प्रतिशत से अधिक आयात होता है।

### महंगाई बढ़ने का अनुमान

मूडीज ने नए वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से अधिक है। एजेंसी के अनुसार, भू-राजनीतिक जोखिमों के चलते महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती महंगाई और स्थिर आर्थिक वृद्धि के बीच नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखा जा सकता है या धीरे-धीरे बढ़ाया जा सकता है, जो संघर्ष की अवधि और उसके प्रभाव पर निर्भर करेगा।

### विकास दर पर दबाव के कारण

एजेंसी के मुताबिक निजी खपत में कमी, औद्योगिक गतिविधियों में नरमी और उच्च लागत के कारण निवेश की गति धीमी पड़ सकती है, जिससे विकास दर प्रभावित होगी।

वहीं ईवाई की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर संघर्ष जारी रहा तो वृद्धि दर में लगभग एक प्रतिशत की कमी आ सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने वित्त वर्ष 2026-27 में विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

राजकोषीय दबाव बढ़ने की आशंका रिपोर्ट के अनुसार, तेल, गैस और उर्वरकों की ऊंची कीमतों से सरकारी सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा और राजस्व पर दबाव पड़ेगा। इसके साथ ही पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से टैक्स संग्रह पर असर पड़ सकता है।

### बाहरी क्षेत्र पर प्रभाव

भारत का चालू खाता घाटा 2025 में घटकर 0.4 प्रतिशत रहा, लेकिन 2026-27 में इसके 1-1.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। महंगे आयात और व्यापार में बाधाओं के कारण यह दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि खाड़ी क्षेत्र से आने वाली रेमिटेंस, जो कुल प्रवाह का लगभग 40 प्रतिशत है।

# आईपीओ बाजार में उछाल, मार्च में 38 कंपनियों ने भरे कागज

## डीआरएचपी फाइलिंग में तेजी से कंपनियों का बढ़ा भरोसा, मजबूत हो रहा प्राइमरी मार्केट सेंटिमेंट

**मुंबई।** भारत के आईपीओ मार्केट में मार्च 2026 में गतिविधियों में बढ़त देखने को मिली है और 38 कंपनियों ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआपएचपी) जमा कराएं हैं। बीते साल मार्च में 22 कंपनियों ने, जबकि मार्च 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ लाने के लिए डीआरएचपी जमा कराई थी। बाजार के जानकारों का मानना है कि अधिक मात्रा में डीआरएचपी का आना कंपनियों का बढ़ता आत्मविश्वास



और नियामक अनुमोदन की समयसीमा के अनुरूप रणनीतिक रूप से दाखिल किए गए दस्तावेजों का सही समय पर प्रस्तुत करना है।

हार्मुज जलडमरूमध्य संकट : भारत के लाखों बुनकरों की रोजी-रोटी पर मंडराया खतरा ये भी पढ़ें हार्मुज जलडमरूमध्य संकट : भारत के लाखों बुनकरों की रोजी-रोटी पर मंडराया खतरा आने वाले हफ्तों में भी यह गति जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि कई कंपनियां अपने ड्राफ्ट पेपर जमा करने की तैयारी कर रही हैं। मार्च में डीआरएचपी दाखिल करने वाली 38 कंपनियों में से नौ कंपनियों ने गोपनीय तरीके से दस्तावेज दाखिल करने का विकल्प चुना। एक्सिस कैपिटल ने एक रिपोर्ट में आईपीओ पाइपलाइन के बारे में बताते हुए कहा कि 64 कंपनियां वर्तमान में सेबी की मंजूरी का इंतजार कर रही हैं, जबकि 124 कंपनियों को नियामकीय मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन उन्होंने अभी तक अपने आईपीओ लॉन्च नहीं किए हैं।

## चुटकुले

टीचर : बताओ बिजली कहां से आती है?
स्टूडेंट : मामा के घर से
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : क्योंकि पापा कहते हैं साले ने फिर बिजली काट दी!

---

पत्नी : तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति : जितना तुम सोच भी नहीं सकती
पत्नी : तो सोचने दो
पति : बस वही तक

---

डॉक्टर : तुम रोज कितनी सिगरेट पीते हो?
मरीज : 20
डॉक्टर : अगर कम कर दो तो?
मरीज : फिर मजा कैसे आएगा

---

बेटा : पापा, ये शादी क्या होती है?
पापा : बेटा, ये वो सजा है जिसमें इंसान खुश भी रहता है

---

दोस्त : भाई तू इतना दुखी क्यों है?
दूसरा : यार WiFi चला गया
दोस्त : ओह... RIP

---

टीचर : 2+2 कितने होते हैं?
स्टूडेंट : 5
टीचर : गलत
स्टूडेंट : मैडम, कल ऑफर था

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 06 04 2026 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

### आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन


जय (अभिनेता)


आशु मलिक (विधायक)


सुनील कुमार


अंशुल शर्मा


सविता तिवारी


इशिता अग्रवाल


संजय कौशिक


अजय वर्मा


सुनील कुमार


नितिन सिंगल


पवन कुमार कर्दम


गौरव ठाकुर


प्रदीप कुमार


अरविंद कुमार


अतुल मिश्रा


कुंवर आस मौहम्मद मलिक


उस्मान सैफी


नितिन तौमर


रविन्द्र गोस्वामी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# चेन्नई सुपरकिंग्स के एक्स-खिलाड़ी दूसरी टीमों में जाकर कर रहे धमाल

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक दिलचस्प और थोड़ा निराशाजनक ट्रेंड देखने को मिल रहा है। टीम के कई पूर्व खिलाड़ी अब दूसरी फ्रेंचाइजियों के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और मैच जिताने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इससे CSK की टीम चयन और रिटेंशन रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि जिन खिलाड़ियों को टीम ने छोड़ा, वही अब विरोधियों के लिए गेम चेंजर साबित हो रहे हैं।

आईपीएल 2026 का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। शनिवार को खेले गए डबल हेडर में दो जबरदस्त मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने समीर रिजवी की शानदार पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस को हरा दिया। इसके बाद दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स ने आखिरी ओवर तक चले थ्रिलर में गुजरात टाइटंस को शिकस्त दी। तुषार देशपांडे ने गजब की गेंदबाजी की और



## चेन्नई की टीम का हाल

वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स की बात करें तो टीम अपने शुरूआती दो मैच हार चुकी है। यह 2022 के बाद पहली बार है जब सीएसके ने अपने शुरूआती दोनों मैच गंवाए हैं। संजू सैमसन का आना अब तक कुछ खास नहीं रहा है। वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ भी आउट ऑफ फॉर्म दिख रहे हैं। अगर प्लेऑफ में जगह बनानी है तो टीम को एकजुट होकर अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इसके अलावा टीम की गेंदबाजी भी इस साल कमजोर दिख रही है। जहां एक तरफ फ्रेंचाइजी के पूर्व खिलाड़ी दूसरी टीमों में चमक बिखेर रहे हैं, वहीं सीएसके के मौजूदा खिलाड़ी फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं। ऐसे में सीएसके को अपने पूर्व खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखकर सोचना पड़ेगा कि जो फैसले उन्होंने लिए, वह वाकई सही थे, या फिर आगे के मेगा ऑक्शन में उन्हें फिर से वापस लाने की कोशिश की जाएगी। आज उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना करना है।

गुजरात को आखिरी ओवर में 11 रन नहीं बनाने दिया। ये दोनों खिलाड़ी 2024 के सीजन तक चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में थे और फ्रेंचाइजी ने मेगा ऑक्शन से पहले दोनों को रिलीज किया था। अब ये दोनों दूसरी फ्रेंचाइजी में धमाल मचा रहे हैं। वहीं, चेन्नई की टीम पिछले दो सीजन लगातार जूझ रही है। पिछले सीजन टीम आखिरी स्थान पर रही थी। इस सीजन भी टीम शुरूआती दो मैच हार चुकी है।

### समीर रिजवी का जलवा

समीर रिजवी की बात करें तो उन्हें 2024 आईपीएल से पहले सीएसके ने 8.40 करोड़ रुपये देकर अपनी टीम में शामिल किया था।

हालांकि, उन्हें न तो ज्यादा मौके मिले और जिन मैचों में मौके मिले, उसमें वह कुछ खास नहीं कर पाए। इसके बाद टीम ने उन्हें रिलीज किया और वापस खरीदने की कोशिश भी नहीं की। दिल्ली ने उन्हें पिछले सीजन से पहले ऑक्शन में खरीदा और दो सीजन से वह इसी फ्रेंचाइजी से खेल रहे हैं। पिछले सीजन उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले, लेकिन इस साल वह लगातार दो मैच में मुश्किल परिस्थितियों में इम्पैक्ट सब बनकर आए और अपने दम पर टीम को मैच जिताया। एक अप्रैल को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ समीर ने 47 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेली, जबकि मुंबई के खिलाफ समीर ने 51 गेंद में 90 रन बनाए।

22 साल के इस बल्लेबाज ने दोनों मैच में परिपक्वता दिखाई और शानदार बल्लेबाजी की।



# अभय सिंह पुरुष एकल वर्ग में जीते

## अली अबोउ एलीनन को हराया अनाहत अल गौना स्क्वाश बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल गौना स्क्वाश टूर्नामेंट में जीत दर्ज की। वहीं, अनाहत सिंह को हार का सामना करना पड़ा।

भारत के अभय सिंह ने मिस्र के अल गौना में चल रही पीएसए प्लेटिनम प्रतियोगिता अल गौना ओपन के पुरुषों के एकल वर्ग के पहले दौर में मेजबान देश के दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी अली अबोउ एलीनन को 3-2 से हराया। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने शनिवार को एलीनन के खिलाफ 9-11, 11-8, 3-11, 11-4,11-8 से जीत हासिल की। अब अभय का सामना मिस्र के ही छठे वरीय और दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा।

इस बीच महिला एकल में दुनिया की 20वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह को मिस्र की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी हानिया अल हम्मामी ने पहले दौर में 11-8, 11-5, 9-11, 11-8 से हरा दिया।

# 43 साल की उम्र में कमाल! फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एंडरसन की घातक गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** जेम्स एंडरसन ने 43 साल की उम्र में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पांच विकेट लेकर अपना 56वां फाइव विकेट हॉल पूरा किया। उनका यह प्रदर्शन दिखाता है कि अनुभव और फिटनेस के दम पर वे आज भी घातक गेंदबाज बने हुए हैं।

क्रिकेट में अक्सर उम्र के साथ खिलाड़ियों की धार कम होती दिखती है, लेकिन कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो इस धारणा को पूरी तरह गलत साबित कर देते हैं। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज सर जेम्स एंडरसन उन्हीं में से एक हैं, जिन्होंने 43 साल की उम्र में भी अपनी स्विंग और सटीकता से बल्लेबाजों को परेशान करना जारी रखा है।

एंडरसन का फिर चला जादू

काउंटी क्रिकेट में एंडरसन ने एक बार फिर शानदार गेंदबाजी करते हुए पारी में पांच विकेट झटके। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 56वां पांच विकेट हॉल है। लंकाशायर की ओर से खेलते हुए उन्होंने नॉर्थैम्पटनशायर के खिलाफ यह कारनामा किया। एंडरसन ने 13 ओवर में 64 रन देकर पांच विकेट हासिल किए और टीम को

## 56वीं बार पारी में पांच विकेट झटके



मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

बल्लेबाजों पर टूटा कहर

एंडरसन की गेंदबाजी के आगे विपक्षी बल्लेबाज टिक नहीं पाए। उन्होंने टॉप और मिडिल ऑर्डर को झकझोरते हुए अहम विकेट निकाले। उनकी स्विंग और लाइन-लेंथ इतनी सटीक थी कि बल्लेबाजों के पास जवाब नहीं था। खास बात यह रही कि इस उम्र में भी उनकी फिटनेस और रिदम बिल्कुल युवा गेंदबाजों जैसी नजर आई।

154 की रफ्तार वाला नया तूफानः गुजरात के गेंदबाज अशोक शर्मा ने आईपीएल 2026 में डाली सबसे तेज गेंद, मचा दी सनसनी

लंकाशायर ने पहले बल्लेबाजी की और उनकी पारी 384 रन पर सिमट गई। ल्यूक वेल्स ने 87 रन और जोश बोहानन ने 90 रन की पारी खेली।

इसके अलावा माइकल जोंस ने 71 रन बनाए। नॉर्थैम्पटनशायर की ओर से बेन सैंडरसन ने पांच विकेट लिए। जवाब में नॉर्थैम्पटनशायर ने दूसरे दिन स्टंप्स तक अपनी पहली पारी में नौ विकेट पर 215 रन बना लिए हैं। लंकाशायर की ओर से एंडरसन ने 13 ओवर में 64 रन देकर पांच विकेट झटके। इसके अलावा टॉम बेली ने तीन विकेट लिए। लंकाशायर को फिलहाल 169 रन की बढ़त हासिल है।

### अनुभव बना सबसे बड़ा हथियार

43 साल की उम्र में इस तरह का प्रदर्शन दिखाता है कि एंडरसन का अनुभव ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। लंबे समय तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का फायदा उन्हें हर गेंद में नजर आता है। उनका यह प्रदर्शन युवा गेंदबाजों के लिए भी सीख है कि सिर्फ रफ्तार ही नहीं, बल्कि कंट्रोल और निरंतरता भी उतनी ही जरूरी है।

### करियर में लगातार ऊंचाई

जेम्स एंडरसन पहले ही दुनिया के महान तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके रिकॉर्ड्स शानदार हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी वह लगातार अपनी छाप छोड़ रहे हैं। 56वीं बार पारी में पांच विकेट लेना इस बात का सबूत है कि उनकी धार अभी भी कम नहीं हुई है। जेम्स एंडरसन का यह प्रदर्शन बताता है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। सही फिटनेस, अनुभव और अनुशासन के दम पर खिलाड़ी लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर खेल सकता है।

### एंडरसन का रिकॉर्ड

एंडरसन ने इंग्लैंड के लिए 188 टेस्ट, 194 वनडे और 19 टी20 खेले। 188 टेस्ट में उनके नाम 704 विकेट, वनडे में 269 विकेट और टी20 में 18 विकेट हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में एंडरसन ने 304 मैचों में 1143 विकेट झटके हैं। इनमें 56 बार पारी में पांच विकेट शामिल हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 19 रन देकर सात विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड में उथल-पुथल

**ढाका।** लगातार हो रहे इस्तीफे और बढ़ती जांच प्रक्रियाएं बीसीबी के भीतर अस्थिरता और प्रशासनिक चुनौतियों की ओर इशारा करती हैं।

ढाका में शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की बैठक हुई। बैठक के बाद बीसीबी को बड़ा झटका लगा। कुछ ही घंटों के भीतर तीन निदेशकों ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फैयाजुर रहमान, शानियान तनीम और मेहराब आलम चौधरी ने अपने पद से इस्तीफा दिया है। बीसीबी में चुनाव के छह महीने से भी कम समय में इस्तीफा देने वाले निदेशकों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जो चिंताजनक है।

इससे पहले जनवरी में इश्तियाक सादिक ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ा था। वहीं, पिछले महीने अमजद हुसैन को मीडिया अध्यक्ष पद से हटाए जाने के कुछ दिन बाद उन्होंने भी इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को सरकार द्वारा नामित निदेशक यासिर मोहम्मद फैसल ने भी पद छोड़ा था। इसके बाद शनिवार को हुए तीन इस्तीफों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।





**तीन निदेशकों ने दिया इस्तीफा**

शनिवार की मीटिंग की अध्यक्षता बीसीबी अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने की। मीटिंग में ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से तीनों निदेशक इस्तीफा देने पर मजबूर हुए, इसका खुलासा नहीं हुआ है। मीटिंग के बाद नए मीडिया विभाग के नए अध्यक्ष मोहम्मद मोक्सेडुल कमाल ने बताया कि उन्हें भी फैयाजुर के इस्तीफे की जानकारी मीडिया के जरिए ही मिली। उन्होंने कहा कि बोर्ड में इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई और इस्तीफा देने वालों ने अपने फैसले को व्यक्तिगत कारणों से जोड़ा है। फैयाजुर ने हाल ही में ढाका लीग के संचालन में बीसीबी की कथित निष्क्रियता की आलोचना की थी। यह आंतरिक असंतोष की ओर इशारा करता है।

लगातार इस्तीफों के बीच बीसीबी का माहौल पहले से ही दबाव में है। सरकार द्वारा पिछले साल अक्टूबर में हुए चुनावों की जांच कराई जा रही है, और रिपोर्ट जल्द ही खेल मंत्रालय को सौंपी जा सकती है। खेल मंत्री अमिनुल हक ने यह भी संकेत दिया है कि एक अलग कमेटी बनाई जा सकती है, जो यह जांच करेगी कि बांग्लादेश टीम ने हाल ही में हुए टी20 विश्व कप में हिस्सा क्यों नहीं लिया।

# आईपीएल में रफ्तार का कहर! लीग में भारतीय गेंदबाजों की सबसे तेज गेंदें



**नई दिल्ली।** आईपीएल इतिहास में भारतीय तेज गेंदबाजों ने 156.9 किमी/घंटा तक की रफ्तार हासिल की है। उमरान मलिक सबसे तेज गेंदबाज हैं, जबकि मयंक यादव और अशोक शर्मा ने भी अपनी स्पीड से खास पहचान बनाई है।

आईपीएल का रोमांच हर फैंस के सिर चढ़कर बोलता है। जहां एक तरफ यह लीग बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है, वहीं दूसरी तरफ तेज गेंदबाजों ने भी अपनी रफ्तार से अलग पहचान बनाई है। साल दर साल भारतीय पेसर्स ने यह साबित किया है कि वे सिर्फ सहायक भूमिका में नहीं, बल्कि मैच का रुख बदलने की ताकत भी रखते हैं।

**अशोक शर्मा:** नई सनसनी की एंट्री

अशोक शर्मा ने आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए अपनी रफ्तार से सबका ध्यान खींचा। उस ओवर में उन्होंने पहले डोनोवन फरेरा के खिलाफ 150.7 किमी/घंटा की तेज गेंद डाली। इसके बाद उसी ओवर की आखिरी गेंद पर ध्रुव जुरेल के सामने 154.2 किमी/घंटा की रफ्तार से आग उगलती गेंद फेंकी।

**मयंक यादवः रफ्तार और आत्मविश्वास का संगम**

मयंक यादव ने आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए अपनी तेज गेंदबाजी से तहलका मचा दिया था। अपने डेब्यू मैच से ही वह लगातार 150 किमी/घंटा से ऊपर की गति से गेंदबाजी कर रहे थे, जिससे वह तुरंत चर्चा में आ गए। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उन्होंने शिखर धवन को 155.8 किमी/घंटा की रफ्तार से गेंद डाली। उनकी यह गति और नियंत्रण टीम की 21 रन से जीत में बेहद अहम साबित हुआ।

# आईपीएल में सात खिलाड़ियों ने लगाई प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड की हैट्रिक

**नई दिल्ली।** आईपीएल में लगातार तीन प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतना किसी खिलाड़ी की असाधारण फॉर्म और मैच पर पकड़ को दर्शाता है। समीर रिजवी का इस लिस्ट में शामिल होना बताता है कि भारतीय क्रिकेट में नई प्रतिभाएं तेजी से उभर रही हैं और आने वाले समय में यह रिकॉर्ड और आगे बढ़ सकता है।

आईपीएल में लगातार तीन मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतना किसी असाधारण फॉर्म और आत्मविश्वास का संकेत होता है। अब तक कोई खिलाड़ी लगातार चार बार यह खिताब नहीं जीत पाया है, लेकिन कई दिग्गजों ने तीन मैचों तक अपनी बादशाहत कायम रखी है। इस खास लिस्ट में अब एक नया नाम जुड़ गया है और वह खिलाड़ी है समीर रिजवी।

**समीर रिजवीः नए दौर का उभरता सितारा**

समीर रिजवी ने आईपीएल 2025 में दिल्ली के आखिरी मैच में और 2026 के शुरूआती दोनों मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' अवॉर्ड जीतकर खुद को इस खास क्लब में शामिल कर लिया। उन्होंने 2025 सीजन के आखिरी मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ सिर्फ 25 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाकर 207 रन का लक्ष्य हासिल करने में मदद की थी। इसके बाद 2026 सीजन की शुरूआत में उन्होंने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में 70 रन बनाए और फिर मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन की शानदार पारी खेली। खास बात यह रही कि उनके दो प्रदर्शन इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आए, जिसने उनकी उपयोगिता और बढ़ा दी।



**जैक कैलिसः ऑलराउंड प्रदर्शन की मिसाल**

जैक इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी थे। 2010 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए उन्होंने पहले मैच में 55 गेंदों पर नाबाद 89 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 44 रन और दो विकेट लेकर टीम को 10 विकेट से जीत दिलाई। तीसरे मैच में उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 66 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाई। उनके प्रदर्शन में निरंतरता और संतुलन साफ दिखा।

**वीरेंद्र सहवागः कप्तानी में भी धमाका**

वीरेंद्र सहवाग ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के कप्तान रहते हुए यह कारनामा किया। उन्होंने पुणे के खिलाफ नाबाद 87 रन बनाकर आसान जीत दिलाई। इसके बाद मुंबई इंडियंस के खिलाफ 39 गेंदों में 73 रन और फिर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 63 रन की पारी खेलकर टीम को रोमांचक जीत दिलाई। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने टीम को लगातार मजबूती दी।

एरॉन फिंचः रन चेज के हीरो

एरॉन फिंच ने गुजरात लायंस के लिए खेलते हुए लगातार तीन मैचों में अर्धशतक जड़कर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पंजाब, पुणे और मुंबई के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार पारियां खेलीं। मुंबई के खिलाफ उनकी 54 गेंदों में 67 रन की पारी खास रही, जिसमें आखिरी गेंद पर जीत मिली। यह उनकी मैच फिनिशिंग क्षमता का शानदार उदाहरण था।

**विराट कोहलीः रिकॉर्ड तोड़ सीजन**

विराट कोहली ने 2016 के ऐतिहासिक सीजन में यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने 973 रन बनाए थे। उन्होंने कोलकाता और दिल्ली के खिलाफ तेज अर्धशतक लगाए और फिर पंजाब के खिलाफ 50 गेंदों में 113 रन की धमाकेदार पारी खेली। उनकी इस पारी में 12 चौके और 8 छक्के शामिल थे, जो आईपीएल इतिहास की यादगार पारियों में गिनी जाती है।

# चिन्नास्वामी में आरसीबी की चेन्नई से भिड़ंत, कौन मारेगा बाजी

**बंगलूरू।** आईपीएल का 11वां मुकाबला आरसीबी और सीएसके के बीच रविवार को खेला जाएगा। इस मैच में आरसीबी जीत के आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेगी, जबकि चेन्नई अपनी पहली जीत की तलाश में होगी।

आईपीएल 2026 के 11वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आमने-सामने होंगे। यह मैच बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा, जो अपनी छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच के लिए जाना जाता है।

## टीमों का हाल

आरसीबी ने अपने अभियान की शुरूआत शानदार जीत के साथ की है। टीम ने पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया। 202 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने सिर्फ 15.4 ओवर में जीत हासिल कर ली। इस मैच में विराट कोहली ने 38 गेंदों में 69 रन बनाकर





शानदार प्रदर्शन किया, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 26 गेंदों में 61 रन की तेज पारी खेली। हालांकि, गेंदबाजी में जैकब डफी को छोड़कर बाकी गेंदबाज प्रभाव छोड़ने में असफल रहे।

दूसरी ओर, चेन्नई का प्रदर्शन अब तक निराशाजनक रहा है। टीम अपने दोनों शुरूआती मैच हार चुकी है। पहले राजस्थान रॉयल्स से और फिर पंजाब किंग्स से। खासकर गेंदबाजी सीएसके के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। पंजाब के खिलाफ 209 रन बनाने के बावजूद टीम जीत दर्ज नहीं कर सकी। मैट हेनरी महंगे साबित हुए हैं और स्पिनर्स भी प्रभावी नहीं रहे।

## सीएसके की बल्लेबाजी से उम्मीद

सीएसके की बल्लेबाज अच्छी लय में नजर आए हैं। आयुष म्हात्रे ने 43 गेंदों में 73 रन की शानदार पारी खेली। शिवम दुबे ने 27 गेंदों में नाबाद 45 रन बनाए, जबकि सरफराज खान ने अंत में तेज 32 रन (12 गेंद) जोड़े।

## हेड-टू-हेड रिकॉर्ड

आरसीबी और सीएसके के बीच अब तक आईपीएल में 35 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें सीएसके का पलड़ा भारी रहा है, जिसने 21 मैच जीते हैं, जबकि आरसीबी को 13 मैचों में जीत मिली है।

**पिच और मौसम रिपोर्टः** एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, जहां चौके-छक्कों की भरमार रहती है। यहां पहली पारी का औसत स्कोर 141 रन और दूसरी पारी का 136 रन है। मौसम की बात करें तो मैच के दिन बारिश की लगभग 25% संभावना है। आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। तापमान 21 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मैच कहां खेला जाएगा?

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 7:30 बजे से शुरू होगा। टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी दोपहर 7:00 बजे होगा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मैच कहां देख पाएंगे? आईपीएल 2026 के प्रसारण अधिकार स्टार स्पोर्ट्स के पास है और दर्शक इसके मुकाबले स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देख सकेंगे। इसके अलावा मैच की लाइव स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार एप पर होगी।

### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, फिल सॉल्ट, देवदत्त पडिक्कल, 4 रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, अभिनंदन सिंह, जैकब डफी। इम्पैक्ट प्लेयर : सुयश शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** संजू सैमसन (विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), आयुष म्हात्रे, सरफराज खान, शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा, प्रशांत वीर, मैट हेनरी, नूर अहमद/गुरजपनीत सिंह, अंशुल कंबोज/जेमी ओवरटन, खलील अहमद।

# महिला खिलाड़ी के साथ सेल्फी के बाद अचानक बदला मैग्नस कार्लसन का मूड

**नई दिल्ली।** मैग्नस कार्लसन ने मैच से पहले प्रतिद्वंदी के साथ सेल्फी ली, लेकिन बाद में नियमों का हवाला देकर उनका फोन हटवा दिया। यह घटना वायरल हो गई और सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई।

शतरंज की दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन एक बार फिर चर्चा में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई चाल या जीत नहीं, बल्कि मैच से पहले का एक अजीब वाकया है। जर्मनी के कार्लजूए में खेले जा रहे ग्रेंके चेस फ्रीस्टाइल ओपन के दौरान कार्लसन और उनकी प्रतिद्वंदी एलुए नुरमान के बीच यह घटना हुई।

मैच शुरू होने से ठीक पहले नुरमान ने कार्लसन से सेल्फी की रिक्वेस्ट की। कार्लसन ने मुस्कुराते हुए इसके लिए हामी भर दी और तस्वीर भी खिंचवाई। सब कुछ सामान्य लग रहा था, लेकिन कुछ ही पलों बाद माहौल पूरी तरह बदल गया।

अचानक फोन जब्त करवाया

सेल्फी लेने के बाद कार्लसन





अपनी सीट से उठे और एक आर्बिटर (रेफरी) को लेकर लौटे। उन्होंने इशारा किया कि नुरमान के पास फोन है, जो नियमों के खिलाफ है। इसके बाद आर्बिटर ने नुरमान से उनका फोन ले लिया और फिर मैच शुरू हुआ। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कई लोग इसे पहले दोस्ती, फिर सख्ती वाला पल बता रहे हैं।

दरअसल, शतरंज के आधिकारिक नियमों के मुताबिक, मैच के दौरान खिलाड़ियों के पास फोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस रखना सख्त मना है। ऐसे में आर्बिटर का फोन हटाना पूरी तरह नियमों के अनुरूप था। हालांकि, सोशल मीडिया पर कुछ लोग कार्लसन के इस व्यवहार को ओवर रिएक्शन भी बता रहे हैं।

**पहले भी दिखा चुका है गुस्सा**

यह पहली बार नहीं है जब कार्लसन अपने व्यवहार को लेकर चर्चा में आए हों। पिछले साल फिडे वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियनशिप में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद भी उनका गुस्सा देखने को मिला था। उस मैच में हार के बाद कार्लसन ने टेबल पर हाथ मारकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी, जिसका वीडियो भी काफी वायरल हुआ था।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | सोमवार • 06 अप्रैल -2026

# गाजियाबाद आसपास




## हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल और विश्वहिंदू परिषद ने निकाली पदयात्रा





**लोनी, करंट क्राइम।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में लोनी में नानक सच खंड गुरुद्वारा से लोनी पावी तक विहिप एवं बजरंग दल द्वारा पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्ति संगीत पर श्रीरामभक्त झूमते हुए और जयघोष लगाते हुए नजर आएं। जगह जगह पदयात्रा पर पुष्पवर्षा की गई।

पदयात्रा में पूज्य संत त्रिलोचन दास, पूज्य श्री श्री 108 महंत स्वामी, राजेंद्र नंद महाराज, पूज्य कथावाचक अशोक कृष्ण ठाकुर, जिला कार्यवाह राजेश जी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, जिलाध्यक्ष, चौ. चैन पाल, संगठन मंत्री अजय शर्मा, मंत्री राजेश तंवर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## टीटी पब्लिकेशन पर छापामार कार्रवाई

### फर्जी आईएसबीएन कोड की दर्जनों किताबें कब्जे में

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तहसील प्रशासन ने एसडीएम के आदेश पर मोदीनगर की संतपुरा कॉलोनी में एक पब्लिकेशन के गोदाम पर छापामार कार्रवाई कर किताबों पर लिखे फर्जी आईएसबीएन कोड को लेकर बड़ी कार्रवाई करते हुये गोदाम परजांच पूरी होने तक सिलिंग की कार्रवाही की है।

बता दें कि संतपुरा निवासी हितेन्द्र जैन पुत्र हिमेन्द्र जैन छोटी मार्किट गोविन्दपुरी यहां संतपुरा कॉलोनी में टीटी पब्लिकेशन के नाम से सीबीएसई की प्रथम कक्षा से 12 वीं तक की किताबों का व्यवसाय करते है। बताया गया है कि काफी दिनों से इनके द्वारा बाजार में जो किताबें बेची जा रही थीं



उन किताबों पर लिखे गये आईएसबीएन नंबर फर्जी तरीके से प्रयोग किये गये हैं। जिसकी शिकायतें लगातार मिल रही थी।

रविवार को शिकायतकर्ता नितिन मित्तल व नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा अपनी टीम के साथ गोदाम पर पंहुचे और जांच पड़ताल के दौरान उन्होंने गोदाम से दर्जनों किताबों को अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही जांच पूरी होने तक गोदाम को सील कर दिया गया है।

इस दौरान पहुंचे कई असरदार लोगों व प्रशासन के अधिकारियों के बीच कहासुनी भी हुई, लेकिन किसी की नहीं चली। जांच पूरी होने तक गोदाम पर सील किये जाने की बात नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा ने बताई।

## लुक्सर जेल में बंद नाइजीरियन कैदी की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र स्थित लुक्सर जेल में बंद एक नाइजीरियन कैदी की अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई। नाईजीरिया नागरिक को भारी मात्रा में ड्रग्स बरामदगी के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल सुपरिंटेंडेंट बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक सोलोमन (66 वर्ष) और उसके कई साथियों को वर्ष 2023 के मई माह में गौतमबुद्ध नगर के थाना बीटा- दो पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

## श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में हनुमान जयंती पर 'शिव-हनुमान तत्व महा कथा' का भव्य आयोजन







➪ 'रुद्र से रामदूत तक' के सफर का हुआ वर्णन, कैलाश पंडित जी महाराज ने सुनाया हनुमान जी का अद्भुत वृत्तांत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री महंत नारायण गिरी जी महाराज के सानिध्य में श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर एक दिवसीय शिव-हनुमान तत्व महा कथा का भव्य आयोजन किया गया। कथा वाचन परम श्रद्धेय कैलाश पंडित जी महाराज द्वारा किया गया।

महाराज जी ने अपने मुखारविंद से 'रुद्र से राम दूत तक' की अद्भुत कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देवाधिदेव महादेव के रुद्र रूप से रुद्रांश का अवतरण हुआ, जो आगे चलकर अंजनी पुत्र के रूप में प्रकट हुए। अंजनी पुत्र से पवनसुत, पवनसुत से मारुति और मारुति से हनुमान बनकर वे भगवान श्रीराम की शरण में पहुंचे। प्रभु श्रीराम के सेवक बनकर उन्होंने भक्ति और समर्पण की सर्वोच्च मिसाल प्रस्तुत की तथा राम कार्यों को निष्ठा और भक्ति भाव से पूर्ण करते हुए रामदूत के रूप में विख्यात हुए। कथा के उपरांत श्री दूधेश्वरनाथ महाराज चालीसा व आरती का विमोचन किया गया।

कथा के दौरान सदर विधायक संजीव शर्मा ने अपने परिवार व कार्यकर्ताओं के साथ कथा का श्रवण किया तथा बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच का संचालन उद्घोषिका पूनम शर्मा ने किया।

इस अवसर पर महंत रमेशानंद गिरी, मुख्य यजमान अनुज धर्म गर्ग, यजमान के.सी. चौधरी, मुख्य आयोजक संजीव गुप्ता, सुबोध गुप्ता, राकेश मिश्रा, महेश अग्रवाल, अमित कंसल, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन विभु बंसल, पंडित हरि दत्त शर्मा, राजेश बंसल, हरिओम शर्मा, पार्षद नीरज गोयल, विजय मित्तल, राजीव कंसल, सुनील गर्ग, आयुष गुप्ता, सभासद शिव कुमार शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, अनुपम जिंदल, प्रदीप अग्रवाल, राकेश शर्मा, संजय गोयल सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव













**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता हातम सिंह नागर ने प्रभु श्रीहनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया। हातम सिंह नागर तथा विरेन्द्र मुन्ना प्रतिवर्ष प्रभु हनुमान जी का यह भव्य कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और आस्था पूर्वक भाग लिया। हातम सिंह नागर तथा विरेन्द्र मुन्ना ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## स्वर्णजयंती पुरम में हुआ मां भगवती जागरण का आयोजन













**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्वर्ण जयंती पुरम में मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। बैंक कालोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में पंडित मदन गोपाल शर्मा, गुजंन शर्मा एडवोकेट, पंकज शर्मा एडवोकेट, यश भारद्वाज, माधव भारद्वाज, अक्षय भारद्वाज मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और सभी ने मां भगवती का आशीर्वाद लिया।

## हादसे को दावत दे रहे दीमक लगे पेड़ शिकायतों के बाद भी नगर निगम बेखबर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पटेल नगर स्थित जे-ब्लॉक (मकान संख्या 105, 106 और 107) के सामने वाले पार्क के बाहर लगे पेड़ स्थानीय निवासियों के लिए बड़े खतरे का सबब बन गए हैं। इन पेड़ों की जड़ों और तनों में भयंकर दीमक लग चुकी है, जिससे ये कभी भी गिर सकते हैं। स्थिति यह है कि किसी भी समय ये पेड़ घरों, वाहनों या राहगीरों पर गिरकर जान-माल का भारी नुकसान कर सकते हैं। प्रखर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नमिता भल्ला निगम ने बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर अब तक दो बार लिखित आवेदन दिया जा चुका है। बार-बार शिकायत करने के



बावजूद नगर निगम की ओर से अब तक कोई भी अधिकारी निरीक्षण करने नहीं पहुँचा है। विभाग की इस अनदेखी से निवासियों में भारी डर और रोष व्याप्त है।

नमिता भल्ला निगम ने प्रशासन पर तंज कसते हुए कहा कि जिस प्रकार शहर में गृह कर में हुई बेतहाशा वृद्धि का कोई समाधान नहीं निकल रहा है, ठीक उसी प्रकार जनता की सुरक्षा से जुड़ी इस समस्या को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि वन विभाग और नगर निगम इस मामले को तुरंत संज्ञान में लें और किसी बड़े हादसे का इंतजार किए बिना इन पेड़ों को हटवाने या सुरक्षित करने की प्रक्रिया शुरू करें। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही इन पेड़ों का निस्तारण नहीं किया गया, तो तेज हवा या बारिश के दौरान कोई अप्रिय घटना घट सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी।




## एसीपी बदलेंगे, फिर आएगा कुछ एसएचओ का नंबर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में रविवार को जिस तरीके से कुछ थानों की अदला-बदली हुई है। तो कुछ को संट किया गया है। इसी बीच चर्चा इस बात की बाहर निकलकर आई है कि एसीपी लिस्ट आने के बाद फिर से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात से लेकर नदिया पार और सिटी जोन को मिलाकर एक लिस्ट आएगी। जिसमें कई थ्री-स्टार सवार किए जाएंगे, तो कई को आउट और कई को इन किया जाएगा। अब सूत्रों द्वारा बताया जा रहा है कि एक बाहर से आने वाले थ्री-स्टार की पोस्टिंग वाली चर्चा जमकर हुई है और उनको चार्ज दिया जाएगा, ऐसा दावा किया जा रहा है। तो वहीं सिटी जोन के तीन फेस इधर से उधर किए जा सकते हैं। तो वहीं सिटी के एक प्रभारी पैदल होने की चर्चा जोरदार तरीके से सुनाई दे रही है। इन सबसे पहले बताया यह जा रहा है कि एसीपी स्तर के कार्यक्षेत्र बदलाव होंगे। जिसमें बताया जा रहा है कि सिटी जोन के दो एसीपी रडार पर हैं, उनको कुछ दिनों पहले टाइट किया गया था और अब बताया जा रहा है कि एक को साइड भी किया जाएगा। उधर सुनने में यह आ रहा है कि जिस तरीके से देहात वाले एक थाना प्रभारी लापरवाही के मामले में नपे है, ऐसे ही कुछ मामलों की जांच कराई जा रही है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से एसीपी स्तर का मामला भी इन दिनों टाइट किया गया था, अब एक दो लोग बदले जाएंगे। तो वही तीन साल पूरा करने वाले बाहर भेजे जाएंगे। तो प्रमोशन पाने वालों का नाम भी इस लिस्ट में आने की प्रबल संभावना है। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट में अगले थानों के रिबन काटने के बाद वहां के प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव मिलेगा। सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से शनिवार वाली लिस्ट में नाम आए हैं, बताया जा रहा है कि जल्द ही महिला थाने पर पोस्टिंग होगी। तो ट्रांस हिंडन जोन में भी जल्द कुछ नए फेस रेस में दिखाई देंगे। कुल मिलाकर जिस तरीके से रविवार को लिस्ट आने का सिलसिला बना हुआ है, तो इन सबके बीच शासन स्तर से शनिवार वाली लिस्ट का लंबे समय से वेट जारी है। अब देखना होगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने वाले दिनों में किस-किस थाने पर नए बोर्ड टांगे मिलेंगे और किसको सेल में वेट करना होगा।




## स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्कूल में वाटर कूलर लगाया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सामाजिक संगठन चैतन्य केयर फाउंडेशन की ओर से इंदिरापुरम के मकनपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में फड सिस्टम के साथ 250 लीटर क्षमता का एक वाटर कूलर स्थापित किया गया। चैतन्य केयर फाउंडेशन के अध्यक्ष चेतन सारस्वत ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही बच्चों के लिए पीने के पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फाउंडेशन की ओर से वाटर कूलर स्थापित किया गया। इससे बच्चों को गर्मी के मौसम



में स्वच्छ और ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। विद्यालय की इंचार्ज भारतीय रावत, जो 31 मार्च को सेवानिवृत हो चुकी है, उनके प्रयासों से चैतन्य केयर फाउंडेशन ने पहल कर वाटर कूलर स्थापित किया गया है। चैतन्य सारस्वत ने कहा कि उनकी संस्थान की ओर से सरकारी स्कूलों में बच्चों की सुविधाओं के लिए कई तरह की चीज उपलब्ध कराई जाती है। बच्चों की पढ़ाई में कोई तकलीफ ना हो इसका ख्याल फाउंडेशन की ओर से रखा जाता है।। इस मौके पर नवीन भट्ट, दिवाकर तिवारी, कुलदीप सक्सेना के साथ बड़ी संख्या में स्कूल के स्टाफ मौजूद थे।

## श्रीमद् भागवत कथा में भजनों पर झूम उठे भक्तगण

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पटेल नगर द्वितीय बी ब्लॉक स्थित रुक्मणी पार्क में चल रही श्रीमद्भावत कथा के चतुर्थ दिन भगवान श्री राम के आदर्श विवाह



और श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ सुनाया गया। कथा व्यास ललित कृष्ण शास्त्री ने अपनी अमृतमयी वाणी से भक्तों को प्रभु की लीलाओं का रसपान कराया। राम विवाह कथा के प्रथम चरण में प्रभु श्री राम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन मयार्दा और त्याग का प्रतीक है। मिथिलापुरी में धनुष यज्ञ के पश्चात माता सीता और श्री राम के विवाह प्रसंग ने पांडाल में उपस्थित सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। राम-सीता के विवाह को संस्कारों और आदर्शों की पराकाष्ठा बताया गया।

कथा व्यास ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की भजन प्रस्तुत किया तो पूरा पंडाल जय-जय कार से गूंज उठा। सैकड़ों की संख्या में भक्त भजनों पर झूम उठे। कथा के द्वितीय चरण में जैसे ही भगवान श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा वातावरण 'जय कन्हैया लाल की' के उद्घोष से गूंज उठा। भगवान के प्राकट्य उत्सव पर पुष्प वर्षा की गई और सोहर गान के बीच श्रद्धालु झूम उठे। कथा व्यास ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान भक्तों के उद्धार के लिए अवतार लेते हैं।

श्री कृष्ण का जन्म कंस रूपी अहंकार के विनाश और प्रेम की स्थापना का प्रतीक है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

## खुले में फेंका जा रहा कूड़ा :लोगों ने प्राधिकरण से 5000 जुर्माना लगाने की मांग की

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा 1 में स्वच्छता नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। सेक्टर के आरडब्ल्यूए महासचिव हरेंद्र भाटी ने बताया कि जागरूकता अभियान के बावजूद कुछ लोग निर्धारित स्थानों के बजाय सड़कों के किनारे कूड़ा फेंक रहे हैं। हाल ही में बीटा 1 के ए-347 के पास सड़क किनारे भारी मात्रा में कचरा फैला देखा गया। इससे न केवल गंदगी फैल रही है, बल्कि स्थानीय स्वास्थ्य और पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद कुछ लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसे देखते हुए सेक्टर वासियों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। हरेंद्र भाटी ने सुझाव दिया कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर स्वच्छता नियमों की अनदेखी करने वालों पर कम से कम 5000 का जुमार्ना लगाया जाना चाहिए। उनका मानना है कि इससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा। निवासियों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से नियमित निगरानी और सख्त कदम उठाने की अपील की है, ताकि सेक्टर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी प्राधिकरण द्वारा खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ जुमार्ने की कार्रवाई की गई है। बीटा 2 सेक्टर के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी भी चाहते हैं कि खुले में कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से जुमार्ने की कार्रवाई हो।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक पिता के लिए वो दिन सबसे यादगार हाता है जब उसकी बेटी पहली बार स्कूल जाती है। समय ऐसे ही बीत जाता है और 9 साल पहले नन्ही पलक ने स्कूल में पहला कदम रखा था और आज पलक आठवीं कक्षा की छात्र है। स्कूल का ये सफर और नन्हीं बिटिया के इस खुशनुमा अंदाज को उसके पापा सुशील गौतम ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। शिक्षा की ये डगर और यादों का एक खुशनुमा सफर बताती ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# सीआईए की झूठी कहानी, पहाड़ के दर्रों में खोज अभियान

## कैसे दूसरे पायलट को भी बचा लाया अमेरिका, ऐसा रहा ऑपरेशन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने किस तरह ईरान के अंदर घुसकर अपने दो वायुसैनिकों को सुरक्षित निकाल लिया? अभियान में अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की क्या भूमिका रही? पहाड़ियों में छिपे एयरमैन को ढूंढने और बाहर निकालने के लिए क्या तरीका अपनाया गया?

अमेरिकी विशेष बलों ने ईरान में फंसे अपने एक और फाइटर जेट के पायलट को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। एक दिन पहले ही अमेरिका ने क्रैश हुए एफ-15ई लड़ाकू विमान के मुख्य पायलट को विशेष अभियान चलाकर बाहर निकाला था। हालांकि, दोनों ही रेस्क्यू मिशन का तरीका और इसकी रणनीति काफी अलग रही है।

जहां पिछली कड़ी में हमने यह बताया था कि अमेरिक किस तरह अपने पायलट्स को दुश्मन की जमीन पर सुरक्षित रहने की ट्रेनिंग देता है और उनके फंसने पर किस तरह से और किस टीम के साथ रेस्क्यू अभियान



चलाया जाता है। अब जानते हैं कि अमेरिका ने अपने दूसरे पायलट को किस तरह ईरान की जमीन से बाहर निकाला और इसमें अमेरिका की विदेश मामलों की खुफिया एजेंसी-सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी की क्या भूमिका रही?

**सीआईए ने चलाया ईरान का ध्यान भटकाने का अभियान**

ईरान में फंसे एफ-15ई के एक क्रू सदस्य, जिनकी पहचान हथियार प्रणाली अधिकारी के तौर पर हुई है, उन्हें बचाने के लिए सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) की तरफ से एक खुफिया डिसेप्शन कैंपेन यानी ध्यान भटकाने का अभियान चलाया गया था।

सीआईए ने इंटरनेट, अपने खुफिया स्त्रोतों और मानवीय मदद से ईरान के अंदर जानबूझकर यह अफवाह फैला दी कि अमेरिकी बलों ने लापता हुए दूसरे वायुसैनिक को पहले ही खोज लिया है और वे उसे जमीनी रास्ते से देश से बाहर निकालने यानी एक्सफिल्ट्रेट करने की प्रक्रिया में हैं।

अपनी इस रणनीति के जरिए सीआईए ईरानी बलों के बीच भारी भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही थी, ताकि उसका ध्यान उस क्षेत्र से भटक जाए, जहां अमेरिकी सेना वाकई में अपने वायुसैनिक को खोज रही थी। इससे अमेरिका को अपने क्रू सदस्य को खोजने में आसानी हुई।

**पहाड़ी के दर्रे में छिपे एयरमैन को खोजने के लिए चला वृहद अभियान:** सीआईए ने कर्नल को खोजने के लिए जिन खास क्षमताओं का इस्तेमाल किया, उसकी सटीक तकनीकी जानकारी का खुलासा नहीं किया गया है।

**1. सैन्य विमान**

एचएच-60डब्ल्यू 'जॉली ग्रीन II' हेलीकॉप्टर : अमेरिकी वायुसेना के इस सबसे नए और विशेष कॉम्बैट सर्च एंड रेस्क्यू हेलीकॉप्टर को इस अभियान का बीस्ट कहा जा रहा है। यह सेल्फ-सीलिंग फ्यूल टैंक, रात और खराब मौसम के लिए एडवांस सेंसर, और बचाव के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के लिए डोर गन जैसी खूबियों से लैस है। ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर : दुश्मन की भारी गोलीबारी के बीच कर्नल को निकालने के लिए इन हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया गया। यह तेज रफ्तार हेलीकॉप्टर अपनी लचीली क्षमताओं की वजह से दुश्मनों के हमले से बचने में भी माहिर होते हैं।

**2. सैन्य हथियार**

रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी विमानों ने बम गिराए और ईरानी सैन्य काफिलों पर भारी गोलाबारी की, ताकि उन्हें उस इलाके से दूर रखा जा सके जहां अमेरिकी कर्नल छिपे हुए थे। दूसरी ओर, यह भी एक चौंकाने वाला तथ्य है कि जब तक एयरमैन ईरान में फंसा हुआ था, तब तक दुश्मन की सीमा के पीछे अपना बचाव करने के लिए उसके पास केवल एक हैंडगन ही थी।

# व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी से हड़कंप

## सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर, संदिग्ध की तलाश जारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में व्हाइट हाउस के पास रविवार तड़के गोलीबारी की खबर से हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियां एक संदिग्ध व्यक्ति और गाड़ी की तलाश कर रही हैं। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। व्हाइट हाउस में कामकाज सामान्य है, लेकिन सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के पास रविवार तड़के गोलीबारी की घटना हुई। इससे इलाके में हड़कंप मच गया और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों को आधी रात के बाद लाफायेट पार्क के पास गोलियां चलने की सूचना मिली थी। यह पार्क व्हाइट हाउस के ठीक उत्तर में स्थित है।



सूचना मिलते ही सुरक्षा बलों ने पूरे पार्क और आसपास के इलाके की तलाशी ली। सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा कि पार्क और उसके आसपास के क्षेत्र की पूरी जांच की गई, लेकिन फिलहाल कोई संदिग्ध नहीं मिला है। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

सीक्रेट सर्विस के संचार प्रमुख एंथनी गुग्लिएल्मी ने बताया कि वे डीसी पुलिस और यूएस पार्क पुलिस के साथ मिलकर इस मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अगर किसी के पास इस घटना से जुड़ी कोई भी जानकारी है, तो वे तुरंत पुलिस से संपर्क करें। अधिकारियों ने बताया कि सीक्रेट सर्विस की यूनिफॉर्म डिवीजन, मेट्रोपॉलिटन पुलिस और पार्क पुलिस के साथ मिलकर एक संदिग्ध व्यक्ति और एक संभावित गाड़ी की तलाश कर रही है। शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना रात करीब एक बजे हुई। इसके बाद कई सुरक्षा एजेंसियों ने इलाके को घेर लिया और व्हाइट हाउस के उत्तर की सड़कों को सुरक्षित किया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अधिकारी रात भर इलाके की छानबीन करते रहे।

व्हाइट हाउस के बेहद करीब गोलीबारी होने के बावजूद वहां का कामकाज सामान्य रहा। सीक्रेट सर्विस ने साफ किया कि राष्ट्रपति आवास के संचालन में कोई बाधा नहीं आई है। हालांकि, एहतियात के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था को पहले से ज्यादा कड़ा कर दिया गया है। जांच के दौरान सुरक्षा घेरा बनाए रखने के लिए कई सड़कों को बंद कर दिया गया।

# 'पावर प्लांट डे और ब्रिज डे एक साथ होंगे'

## ट्रंप मंगलवार को आखिर क्या करने जा रहे, ईरान को दी धमकी

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, अमेरिका ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर ईरान को सख्त चेतावनी दी और उसके ऊर्जा संयंत्रों व पुलों पर हमलों की चेतावनी दी है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बार फिर ईरान को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलता है, तो अमेरिका उसके ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले कर सकता है और उसे नरक जैसा परिणाम भुगतना पड़ सकता है।

**अमेरिका ने ईरान से पायलट को बचाया**

इससे पहले एक अन्य पोस्ट में ट्रंप ने कहा, अमेरिकी सेना ने ईरान की पहाड़ियों के अंदर गंभीर रूप से घायल और बेहद बहादुर एफ-15 क्रू



मेंबर/अफसर को बचाया। राष्ट्रपति ने बताया कि ईरानी सेना बड़ी संख्या में उन्हें खोज रही थी और करीब आ रही थी। ट्रंप ने अपने प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि यह पायलट एक बहुत ही सम्मानित कर्नल हैं और इस तरह के अभियान बहुत कम ही किए जाते हैं, क्योंकि यह सैनिकों और उपकरणों के लिए बेहद खतरनाक होता है। उन्होंने बताया कि पहला अभियान दिन के उजाले में हुआ, जिसमें सात घंटे ईरान के अंदर बिताए गए।

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर क्या कहा**

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, मंगलवार को ईरान में एक ही दिन में ऊर्जा संयंत्र दिवस और पुल दिवस मनाया जाएगा। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ होगा। जलडमरूमध्य खोल दें, पागलों, वरना नरक में जाओगे- देखते रहिए। अल्लाह से प्रार्थना करिए।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्होंने सभी सैनिकों की बहादुरी और कौशल की प्रशंसा की और सोमवार को व्हाइट हाउस में सैन्य अधिकारियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। उन्होंने कहा, भगवान हमारे महान सैन्य योद्धाओं को आशीर्वाद दें।

# ईंधन संकट में फंसा नेपाल: सरकारी ऑफिसों में अब पांच दिन ही होगा काम, दो दिन अवकाश; कल से लागू होगा फैसला

**काठमांडो।** अमेरिका-ईरान हमलों के बीच तेल की बढ़ती कीमत और संकट का असर अब आम लोगों के उपर दिखने लगा है। नेपाल सरकार ने सरकारी कार्यालयों के लिए दो दिवसीय साप्ताहिक अवकाश लागू करने का फैसला किया है।

पश्चिम एशिया संघर्ष का असर पूरी दुनिया में देखने को मिल रहा है। दुनियाभर के देश इन समय ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं। इसी बीच नेपाल पर पेट्रोलियम उत्पादों की कमी का असर दिखने लगा है। नेपाल सरकार ने ईंधन खपत कमी को देखते हुए हफ्ते में दो दिन सार्वजनिक अवकाश देने का फैसला किया है। रविवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब शनिवार और रविवार को छुट्टी रहेगी। यह




व्यवस्था सोमवार से लागू हो जाएगी।

सरकार की प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री सस्मिता पोखरयाल ने बताया कि पेट्रोलियम आपूर्ति में आ रही दिक्कतों और बढ़ते व्यापार घाटे को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नए नियम के तहत सरकारी कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक काम करेंगे, हालांकि यह समय-सीमा शैक्षणिक संस्थानों पर लागू नहीं होगी।

**पश्चिम एशिया में तनाव से पर्यटन प्रभावित:** तेल की कीमत में उछाल के बाद हवाई किराया, रहने का खर्च सभी चीजें महंगी हो गई है। इस बीच नेपाली मीडिया ने बताया कि देश में तेल की बढ़ती में उछाल ने बहुत बुरी तरह से पर्यटन को प्रभावित किया है। काठमांडू पोस्ट के अनुसार, एक जाने-माने होटल बिजनेसमैन योगेंद्र शाक्य को अप्रैल के बीच में हांगकांग की अपनी फैमिली ट्रिप अचानक कैंसिल करनी पड़ी क्योंकि हवाई किराया बहुत महंगी हो गई थी। लाजिमपट में होटल एम्बेसडर और नगरकोट में क्लब हिमालय चलाने वाली कंपनी ऐस होटल्स के चेयरमैन शाक्य ने कहा, ₹हवाई किराया बहुत ज्यादा है। इससे हर कोई डर गया है। काठमांडो-हांगकांग का एक तरफ का टिकट अब लगभग 190,000 रुपए का है। उन्होंने कहा, काठमांडू पोस्ट ने बताया कि ट्रैवल एजेंसियों का कहना है कि कई होने वाले ट्रैवलर, खासकर जिन्होंने अभी तक बुकिंग नहीं की है, कीमतें बढ़ने के कारण ट्रिप टाल रहे हैं या कैंसिल कर रहे हैं। ये चीजें एविएशन फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बाद हुई हैं।

**एटीएफ की कीमतों में उछाल**

इससे पहले बुधवार को, नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन ने वेस्ट एशिया में चल रहे संघर्ष से दुनिया भर में एनर्जी की बढ़ती कीमतों का हवाला देते हुए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों को ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा दिया। इंटरनेशनल एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमत काठमांडू में 77.63 फीसदी बढ़कर 1,716 डॉलर प्रति किलोलीटर हो गई।

# ईरान का दावा: पायलट बचाने के मिशन में अमेरिका ने खोए दो हेलीकॉप्टर और दो ट्रांसपोर्ट विमान

**तेहरान।** ईरान-अमेरिका युद्ध में पिछले कुछ घंटों में अमेरिका को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। ईरान ने दावा किया है कि उन्होंने अमेरिका के दो विमानों और दो हेलीकॉप्टर को मार गिराया है।

ईरान और अमेरिका के बीच जारी युद्ध लगातार तेज होता दिख रहा है। ईरान की ओर से लगातार अमेरिका विमानों को मार गिराने का दावा किया जा रहा है। रविवार को ईरान की ओर से अमेरिकी विमानों को तबाह करने के सबूत जारी किए हैं। ईरानी न्यूज एजेंसी ने अमेरिका विमानों के मलवे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं।

**पायलट बचाने के दौरान बनाया निशाना**

ईरान का दावा है कि उसने इस्फहान इलाके में अमेरिकी सैन्य मिशन के दौरान दो ब्लैकहॉक



हेलिकॉप्टर और दो सी-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को मार गिराया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की ओर से तस्वीरें और वीडियो जारी किए गए हैं। आईआरजीसी के मुताबिक, यह कार्रवाई इस्फहान के दक्षिणी इलाके में की गई। आईआरजीसी ने दावा किया है कि अमेरिकी सेना डाउन हुए पायलट को बचाने के लिए ऑपरेशन चला रही थी, लेकिन इस दौरान उसके एयरक्राफ्ट को निशाना बनाया गया।

**स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने साझा की तस्वीरें**

इससे पहले ईरानी मीडिया एक विमान गिराने की बात कह चुका था, लेकिन अब आईआरजीसी ने चार एयरक्राफ्ट तबाह करने का दावा किया है। इसके अलावा ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने एक्स पर अमेरिकी विमान के कथित मलबे की तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में भी विमानों मलवा बिखरा हुआ दिख रहा है।

इससे पहले ईरानी मीडिया ने दावा किया था कि लापता अमेरिकी पायलट की तलाश में भेजे गए मिशन के एक विमान को निशाना बनाया गया। ईरान इससे पहले भी अमेरिकी एफ-15 और ए-10 जैसे विमानों को गिराने का दावा कर चुका है। फिलहाल, अमेरिकी पक्ष ने इस नए दावे या तस्वीर पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। ईरान के दावों के इतर द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान से एक बचाए गए अमेरिकी एयरमैन और कमांडो को निकालने वाले दो ट्रांसपोर्ट विमान वहीं फंस गए थे।

# लुइसियाना में लाओ नव वर्ष समारोह के दौरान वाहन ने जश्न मना रहे लोगों को टक्कर मारी

**नई दिल्ली।** अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को ग्रामीण लुइसियाना में लाओ नव वर्ष के जश्न में शामिल लोगों को एक वाहन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में ब्रूसार्ड और न्यू इबेरिया में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में कई लोग जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में दमकलकर्मी कार के नीचे फंसे एक व्यक्ति की मदद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इबेरिया पैरिश शेरिफ कार्यालय के अनुसार, लगभग 15 लोग घायल हुए, जिनमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हैं। चालक पुलिस हिरासत में है। शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता रेबेका मेलानकॉन ने कहा, 'प्रारंभिक जांच के आधार पर, यह जानबूझकर किया गया कृत्य प्रतीत नहीं होता है।'

# पश्चिम एशिया संकट के चलते यूक्रेन युद्ध को भूली दुनिया, यूक्रेनी राष्ट्रपति को सता रहा इस बात का डर

**इस्तांबुल।** पश्चिम एशिया संकट के चलते फिलहाल पूरी दुनिया का ध्यान यूक्रेन युद्ध से हट चुका है और इससे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की खासे परेशान हैं। उनका कहना है कि उनके शहरों पर रूस के हमले हो रहे हैं और इसके बावजूद उन्हें अमेरिका से एयर डिफेंस सिस्टम नहीं मिल पा रहा है।

पश्चिम एशिया संकट का असर वैश्विक तौर पर दिख रहा है और पूरी दुनिया में इसे लेकर चिंता का माहौल है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इस युद्ध से खास तौर पर तनावग्रस्त हैं। जेलेंस्की ने आशंका जताई है कि अगर अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है, तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कमजोर हो सकता है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन की प्राथमिकताओं में बदलाव के चलते यूक्रेन को बेहद जरूरी पैट्रियट एयर



डिफेंस मिसाइलों की आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ सकता है।

इस्तांबुल में 'द एसोसिएटेड प्रेस' को दिए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि रूस के रोजाना हमलों का सामना करने के लिए यूक्रेन को अमेरिका में बने पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम की सख्त जरूरत है। रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए हमले के बाद से अग्रिम मोर्चे के अलावा शहरी इलाकों में भी रूसी हमलों में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, जिससे ड्रोन और मिसाइल उत्पादन बाधित हुआ है और सर्दियों में नागरिकों को हीटिंग और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित होना पड़ा है। जेलेंस्की ने कहा, 'हमें यह स्वीकार करना होगा कि फिलहाल हम प्राथमिकता में नहीं हैं। इसलिए मुझे डर है कि ईरान युद्ध लंबा खिंचने पर हमें मिलने वाला समर्थन कम हो जाएगा।'

**यूक्रेन से ध्यान भटकने की आशंका:** मॉस्को और कीव के प्रतिनिधियों के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में हुई ताजा वार्ता फरवरी में बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई। जेलेंस्की ने रूस पर वार्ता को लंबा खींचने का आरोप लगाते हुए कहा कि यूक्रेन अब भी संभावित समझौते को लेकर अमेरिकी वातार्कारों के संपर्क में है और मजबूत सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहा है।

# पोप ने विश्वासियों को संबोधित करते हुए निराशा के विरुद्ध दृढ़ता का संदेश दिया, कहा सुलह के मार्ग पर चलें

**नई दिल्ली।** सेंट पीटर बेसिलिका में ईस्टर की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रार्थना सभा की अध्यक्षता करते हुए पोप लियो IV ने वैश्विक समुदाय से आग्रह किया कि वे जारी वैश्विक शत्रुता की भयावहता के प्रति असंवेदनशील न हों और सक्रिय रूप से सुलह के मार्ग पर चलें। शनिवार की रात की प्रार्थना सभा के दौरान, जो यीशु के पुनरुत्थान की याद में मनाई जाती है, पोप ने विश्वासियों को संबोधित करते हुए निराशा के विरुद्ध दृढ़ता का संदेश दिया। 'आइए हम स्वयं को निष्क्रिय न होने दें,' उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया और कहा कि वे संतों के समर्पण का अनुकरण करें ताकि 'ईस्टर के सद्भाव और शांति के उपहार' ₹पूरी दुनिया में हर जगह और हमेशा बढ़ते और फलते-फूलते रहें।'



पश्चिम एशिया में तनाव से टूरिज्म प्रभावित, नेपाल और मालदीव समेत अन्य देशों के पर्यटन में आई गिरावट

अमेरिका-ईरान हमलों के बीच तेल की बढ़ती कीमत और संकट का असर पर्यटन पर भी हो रहा है। तेल की कीमत में उछाल के बाद हवाई किराया, रहने का खर्च सभी चीजें महंगी हो गई है।

इस बीच नेपाली मीडिया ने बताया कि देश में तेल की बढ़ती में उछाल ने बहुत बुरी तरह से पर्यटन को प्रभावित किया है। काठमांडू पोस्ट के अनुसार, एक जाने-माने होटल बिजनेसमैन योगेंद्र शाक्य को अप्रैल के बीच में हांगकांग की अपनी फैमिली ट्रिप अचानक कैंसिल करनी पड़ी, क्योंकि हवाई किराया बहुत महंगी हो गई थी। ट्रैवल एजेंसियों का कहना है कि कई ट्रैवलर कीमतें बढ़ने के कारण ट्रिप टाल रहे हैं या कैंसिल कर रहे हैं। ये चीजें एविएशन फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बाद हुई हैं।

इसके अलावा मॉरीशस और मालदीव जैसे देशों में भी पर्यटन पर काफी असर पड़ा है। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मद नसीद ने बताया, मालदीव के लिए यह बहुत मुश्किल है। टूरिज्म हमारा मुख्य उद्योग और मेन इनकम है। ट्रैवल हब बंद हैं, इसलिए टूरिस्ट कम आ रहे हैं। यह पहले ही लगभग 30 फीसदी कम हो चुका है। साथ ही, फ्यूल की कीमतें बढ़ गई हैं। इसका मतलब है कि फिशरीज पर भी असर पड़ेगा। इसका हमारी खुशहाली पर बड़ा असर पड़ रहा है और यह एक बड़ी चुनौती है।

मॉरीशस में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं। तेल की बढ़ती कीमत और हवाई यात्रा में बाधा का असर भेजा गया है। मॉरीशस दुबई के जरिए कनेक्टिविटी पर बहुत ज्यादा निर्भर है। यहां रोजाना लगभग तीन विमान से 1,000 से ज्यादा यात्री आते-जाते हैं। दुबई में भी ईरान की तरफ से अमेरिकी संपत्तियों और एयरबेस को निशाना बनाया जा रहा है। यही कारण है कि यहां हवाई सेवा बाधित हो रही है।

# अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एआई से ट्रैक कर रहीं चीनी कंपनियां



**वॉशिंगटन।** एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की निजी कंपनियां एआई की मदद से अमेरिकी सेना की निगरानी कर रही हैं। अमेरिकी विश्लेषकों ने इसे बड़ा खतरा बताया है और उनका कहना है कि इससे चीन की सैन्य क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीनी कंपनियां ईरानी संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ओपन-सोर्स डेटा का इस्तेमाल कर रही हैं। द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की कई प्राइवेट कंपनियां ऐसे इंटेलिजेंस टूल्स की मार्केटिंग कर रही हैं, जो अमेरिकी सेना की गतिविधियों को एक्सपोज करने का दावा करते हैं। हालांकि, चीन ने खुद को सार्वजनिक तौर पर खुद को इस संघर्ष से दूर रखने का दावा किया है।

कंपनियां पश्चिम एशिया में अमेरिकी सेना की तैनाती का विस्तार से विश्लेषण करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा के साथ मिला रही हैं। पांच हफ्ते पहले ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से यह ट्रेंड और बढ़ गया है। ऑनलाइन पोस्ट में अमेरिकी कैरियर मूवमेंट, एयरक्राफ्ट की पोजिशनिंग और बेस गतिविधियों की डिटेल्स दिखाई गई हैं। इसे विश्लेषक तेजी से बढ़ता इंटेलिजेंस मार्केटप्लेस बता रहे हैं। इसमें शामिल कुछ कंपनियों के चीन के मिलिट्री इकोसिस्टम से लिंक होने का दावा किया जा रहा है।

**रिपोर्ट में बड़ा दावा ................**

- रिपोर्ट में कहा गया है कि एक फर्म ने दावा किया है कि वह एआई से फिल्टर किए गए पश्चिमी और चीनी डेटा सोर्स के मिक्स का इस्तेमाल करके रियल टाइम में अमेरिकी सैन्य गतिविधि को ट्रैक कर सकती है।
- एक और कंपनी ने कहा है कि वह एयरक्राफ्ट कम्युनिकेशन का विश्लेषण कर सकती है और बड़े पैमाने पर सैन्य गतिविधियों की निगरानी कर सकती है। ऐसी फर्मों का बढ़ना मॉडर्न युद्ध में एक बड़े बदलाव को दिखाता है।
- ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस, जो कभी खास एनालिस्ट तक ही सीमित थी, उसे एआई से तेजी से बेहतर बनाया जा रहा है। इसकी वजह से प्राइवेट लोग ऐसी जानकारी हासिल कर सकते हैं जो पहले सिर्फ सरकारों के पास होती थी।
- जैसे-जैसे कमर्शियल टेक्नोलॉजी ज्यादा पावरफुल होती जा रही है, सिविलियन और मिलिट्री इंटेलिजेंस के बीच की लाइन धुंधली होती जा रही है। इसकी वजह से ऑपरेशनल गोपनीयता बनाए रखने की कोशिशें मुश्किल होती जा रही हैं।

**खतरा कितना गंभीर**

द वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह चीन की रक्षा क्षमता में निजी क्षेत्र के नवाचार को शामिल करने की एक बड़ी कोशिश का हिस्सा है, जिसे उसकी सिविल-मिलिट्री एकीकरण रणनीति के तहत बड़ा सरकारी निवेश भी मिला है। अमेरिकी मीडिया ने कहा कि अमेरिका के अधिकारियों और विश्लेषकों के विचार इस मुद्दे पर अलग-अलग हैं कि खतरा कितना गंभीर है। अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के फेलो रयान फेडासियुक ने द वाशिंगटन पोस्ट से कहा कि चीन में निजी क्षेत्र की जियोस्पेशियल एनालिसिस (स्थान-आधारित डेटा जुटाने वाली) कंपनियों के बढ़ने से उसकी रक्षा क्षमता मजबूत होगी और संकट के समय अमेरिकी बलों का सामना करने की उसकी क्षमता भी बढ़ेगी।

# इटली में एक बड़ा अपराधी गिरफ्तार, पीएम मेलोनी ने की पुलिस की तारीफ

**इटली।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने एक बड़े अपराधी की गिरफ्तारी पर पुलिस की तारीफ की है। यह गिरफ्तारी इटली के एक मशहूर पर्यटन स्थल अमाल्फी कोस्ट पर छापेमारी के दौरान हुई। पुलिस ने 48 साल के रोबर्टो माज्जारेला को गिरफ्तार किया, जो इटली के सबसे वांछित अपराधियों में से एक माना जाता था। बताया जा रहा है कि वह नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके एक आलीशान विला किराए पर लेकर छिपा हुआ था। मेलोनी ने इस कार्रवाई को 'कैमोरा' नाम के खतरनाक आपराधिक गिरोह के खिलाफ एक बड़ा झटका बताया। यह गिरोह नेपल्स से जुड़ा हुआ है और लंबे समय से अपराधों में शामिल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह गिरफ्तारी साफ संदेश देती है कि सरकार अपराध के खिलाफ पीछे नहीं हटेगी। माज्जारेला पर साल 2000 में नेपल्स के एक दुकान में हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की हत्या का आरोप भी है।







# महंत नारायणगिरी जी के सानिध्य में विराट संत सम्मेलन
# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से अहम संवाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली एनसीआर संत महामंडल के अध्यक्ष एवं श्री दूधेश्वर महादेव मंदिर, गाजियाबाद के श्रीमहंत नारायणगिरी जी महाराज के पावन अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में चौथा पुस्ता, यमुना खादर, दिल्ली-53 स्थित श्री हनुमान मंदिर, करतार नगर में विराट संत सम्मेलन भव्य एवं अनुशासित वातावरण में सम्पन्न हुआ।







देशभर से पधारे संत-महात्माओं, धमार्चार्यों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जनों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। संत समाज के सानिध्य में धर्म, संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रहित जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार-विमर्श हुआ। संतों के ओजस्वी उद्बोधनों ने समाज में सेवा, त्याग, नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रभक्ति को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में कुंवर हरिशचंद्र सिंह जसोल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (भाजपा राजस्थान), ने सहभागिता करते हुए महंत नारायणगिरी जी महाराज के श्रीचरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संतों के सानिध्य में उपस्थित जनसमूह ने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम से शिष्टाचार भेंट कर संगठनात्मक विषयों एवं सामाजिक सरोकारों पर सार्थक संवाद किया गया। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी गईं तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा हुई।

मीडिया प्रभारी पिंटू सुथार के अनुसार, इसी क्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर राष्ट्रीय सुरक्षा, जनकल्याण, युवाओं की भागीदारी एवं डिफेंस एजुकेशन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। विराट संत सम्मेलन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रीय एकता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। संतों के मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ तथा जनमानस को धर्म, सेवा और राष्ट्रहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त हुई। सम्पूर्ण आयोजन श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं के साथ सम्पन्न हुआ, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बना।

## हरिद्वार में गंगा स्नान के दौरान गाजियाबाद के दो लोगों की मौत
### सोसाइटी में शोक की लहर, घूमने गए थे परिवार के साथ

**नई दिल्ली।** हरिद्वार में गंगा स्नान के दौरान डूबने से गाजियाबाद के दो लोगों की मौत हो गई। ये दोनों राजनगर एक्सटेंशन स्थित क्वांटम होम्स सोसाइटी के निवासी थे और एक ही टावर में पड़ोसी थे। इस घटना से सोसाइटी में शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान सचिन त्यागी (39 वर्ष) और बृजेश कुमार त्रिपाठी (43 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों परिवार दो दिन पहले सचिन त्यागी की इनोवा कार से हरिद्वार और ऋषिकेश घूमने गए थे। उन्हें रविवार को गाजियाबाद लौटना था।



रविवार सुबह दोनों गंगा में स्नान करने गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। तेज बहाव की चपेट में आने से वे डूब गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद पुलिस और गोताखोरों को सूचना दी गई। करीब सवा घंटे तक चले रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन के बाद दोनों को गंगा से बाहर निकाला गया। हालांकि, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां पहले घाट था। अब वहां काफी मिट्टी भर जाने के कारण पानी की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है।

सचिन त्यागी टावर अ-801 में अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ रहते थे। उनके माता-पिता बड़े बेटे के साथ गुलमोहर सोसाइटी में रहते हैं। सचिन बिल्डर का काम करते थे। वहीं, बृजेश त्रिपाठी अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ क्वांटम होम्स अ-503 में रहते थे और गुरुग्राम की एक एमएलसी कंपनी में कार्यरत थे। सोसाइटी निवासी नितिन त्यागी ने बताया कि दोनों परिवार साथ घूमने गए थे। दुखद खबर मिलने के बाद पूरे इलाके में शोक छा गया है। सचिन त्यागी का शव गाजियाबाद पहुंच चुका है और आज ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बृजेश त्रिपाठी के परिजन भी उनका शव लेकर गाजियाबाद पहुंच रहे हैं।

## स्मार्ट मीटर से बढ़ी परेशानी, सर्वर डाउन से बैलेंस-रिचार्ज ठप, उपभोक्ता परेशान

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा शहर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद विभिन्न सेक्टरों में रहने वाले वाले अधिकांश लोगों की शिकायत है कि पोस्टपेड से प्रीपेड में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के बाद उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर डाउन होने के कारण सेक्टर के उपभोक्ता न तो अपना बैलेंस चेक कर पा रहे हैं और न ही मीटर रिचार्ज कर पा रहे हैं। बिल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सेक्टर-18 जाने के बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।




ऐसी ही समस्या सेक्टर-34 में में भी बनी हुई है। यहां स्मार्ट मीटर लगने के बाद निवासियों को आ रही समस्याओं और बिजली की निर्बाध आपूर्ति के संबंध में आरडब्ल्यूए ने उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के साथ सामुदायिक केंद्र सेक्टर-34 में बैठक की।

बैठक के दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष केके जैन ने उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अधिकारियों को बताया कि सेक्टर-34 में लगाए गए स्मार्ट मीटरों के कारण उपभोक्ताओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली विभाग की ऐप सुचारू रूप से कार्य नहीं करने के कारण उपभोक्ताओं को बिल भुगतान में भी कठिनाई हो रही है। उन्होंने मांग की कि पूर्व की भांति एक निश्चित सीमा तक नकारात्मक बैलेंस होने पर भी बिजली आपूर्ति बाधित न की जाए।

आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने आगामी गर्मी के मद्देनजर फीडर पैनल मीटर पैनल और अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने की मांग की। जिससे गर्मियों में भी बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चल सके। साथ ही साथ स्मार्ट मीटर के बिल के भुगतान के लिए मैसेज अलर्ट भेजने की भी बात रखी ताकि निवासियों को कोई परेशानी ना हो।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिशासी अभियंता मोहित दीक्षित उक्त समस्याएं सुनने के बाद बताया कि नकारात्मक बैलेंस 2000 तक छूट देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और बिजली के इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी काम किया जा रहा है जिससे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से मिल सके।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से लगातार होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन द्वारा आरडब्ल्यूए के सहयोग से एक कैंप का आयोजन किया जायेगा। जिसमें लोगों की समस्याओं का समाधान किया जायेगा।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने महार्षि कश्यप की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने कहा कि महर्षि कश्यप की विचार धार पर चलकर समतामूलक समाज की स्थापना होती है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने महर्षि कश्यप जयंती पर महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अभिषेक गर्ग ने कहा कि महर्षि कश्यप वास्तव में एक सच्चे महापुरूष थे और उन्होंने मानवतावादी सोच के साथ समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया।

# कमिश्नरेट में बदले गए कई थानों के प्रभारी
## प्रताप सिंह को भोजपुर, मानवेंद्र सिंह को वेव सिटी और श्वेता सिंह को क्रॉसिंग रिपब्लिक का मिला चार्ज







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से रविवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा जारी आदेश में कई थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों के तबादले कर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी सूची के अनुसार, थाना सिहानी गेट में तैनात अतिरिक्त निरीक्षक अपराध प्रताप सिंह को भोजपुर थाने का प्रभारी बनाया गया है। वहीं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी प्रभु दयाल को ट्रोनिका सिटी थाने की कमान सौंपी गई है। ट्रोनिका सिटी के पूर्व प्रभारी मनोज कुमार को सीबीआईटी अपराध शाखा भेजा गया है। इसके अलावा वेव सिटी थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार पाल को एंटी ह्यूमन यूनिट का प्रभारी बनाया गया है, जबकि अपराध शाखा की स्वाट टीम में तैनात उपनिरीक्षक मानवेंद्र सिंह को वेव सिटी थाने का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं महिला थानाध्यक्ष श्वेता सिंह को क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं क्रॉसिंग रिपब्लिक की प्रभारी सरिता मलिक को ट्रांस हिंडन जोन में स्थानांतरित किया गया है।

सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिंक बूथों से महिला थाना प्रभारियों की नियुक्ति की जा सकती है। यह तबादले पुलिस कमिश्नरेट में बेहतर कार्यप्रणाली और जन शिकायतों के त्वरित समाधान को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं।

### भोजपुर थाना प्रभारी सस्पेंड, तीन महीने में दूसरी कार्रवाई

**करंट क्राइम :** देहात जोन का भोजपुर थाना एक बार फिर विवादों में आ गया है। पुलिस कमिश्नर ने थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह को मुकदमा दर्ज न करने और कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई विभागीय जांच में सामने आई गंभीर खामियों के बाद की गई है। गौरतलब है कि बीते तीन महीनों में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले 3 फरवरी को इसी थाने के थानाध्यक्ष सचिन कुमार को पासपोर्ट सत्यापन में लापरवाही के चलते लाइन हाजिर किया गया था। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से भोजपुर थाना की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस विभाग ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती जारी रहेगी।

## अधूरे कार्यों को पूरा करने की मांग को लेकर गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट के रेजिडेंट्स ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर सिद्धार्थ विहार स्थित गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट के रेजिडेंट्स रविवार को समिति के मुख्य गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रेजिडेंट्स ने भाग लिया। ए ओ ए अध्यक्ष अवनीश नाथ त्रिपाठी ने बताया कि लगातार पत्राचार, तीन बार लखनऊ आवास आयुक्त से भेंट के उपरांत कुछ कार्य तो हुए परन्तु लंबित कार्यों लंबी लिस्ट बाकी है। इनमें आवास विकास परिषद वेंडर एलटी द्वारा गारंटी अवधि में जर्जर भवन की रिपेयर करना शामिल है इसके अलावा ल्१ टावर के वाटर टैंक सहित अन्य टावर्स के जर्जर वाटर टैंक रिपेयर किया जाना है। उन्होंने कहा कि



क्लब हाउस लिफ्ट इंस्टॉलेशन जिसका परिषद द्वारा 3 माह पूर्व प्रस्तावना तो बनाई गई मगर फाइल रुकी हुई है , इसे भी पूरा किया जाना है। पूरे अपार्टमेंट का रीपेंट जिसमें गंगा के टावर्स का दूसरा कोट कभी हुआ ही नहीं।

उन्होंने कहा कि आवास विकास परिषद ने शेष 10 लिफ्ट का टेंडर, ओइएम वेंडर ओटिस के नाम तो निकाला, मगर टेंडर राशि पहले रु 35 लाख और दूसरी बार 65 लाख रखी गई। जबकि OT IS के अनुसार लागत 1.25 करोड़ है। अर्थात टेंडर उचित मंशा से नहीं जारी किया गया और फिर से किसी लोकल वेंडर को घुसाने की नीयत है । उन्होंने कहा कि विद्युत ढांचा यू पी पी सी एल को हस्तांतरण किया जाए, इसकी भी मांग रखी गई। आवास विकास परिषद को सिद्धार्थ विहार में प्रस्तावित 3 विद्युत सब स्टेशन की स्थापना करनी है मगर लापरवाही के चलते नहीं कर रहा है। यही कारण है यू पी पी सी एल गंगा यमुना हिंडन का हैंडओवर लेने को तैयार नहीं।

फ्लैट धारकों को सोलर प्लांट द्वारा गर्म पानी उपलब्ध करने की सुविधा फ्लैट बेचते समय ब्रॉशर में बताई गई मगर आज तक चालू हालत में हैंडोवर नहीं की गई ।एक दशक से बन्द पड़े सोलर प्लांट को चालू किया जाए। उन्होंने कहा कि यू पी पी सी एल को हैंडओवर तक विद्युत ट्रांसफार्मर, विद्युत पैनल सर्विस रिपेयर आदि आवास विकास परिषद ही करें।

10. एल एंड टी द्वारा नए आवंटियों के फ्लैट्स के अंदर के लंबित कार्य संपन्न करने के लिए कहा जाए। विद्युत समिति के सदस्य कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया रेजिडेंट्स में आवास विकास परिषद के मुख्य अभियंता डी वी सिंह के विरुद्ध रेजिडेंट्स में कड़ा विरोध है। परिषद के मुख्य अभियंता ने उपरोक्त अधिकांश मांगों पर ये कहकर स्पष्ट रोक लगा दी कि यदि गंगा यमुना हिंडन के कार्य किए तो पूरे प्रदेश में सभी पुराने प्रोजेक्ट में कार्य करना पड़ेगा।

विरोध प्रदर्शन में आवास विकास परिषद के साथ मुख्य अभियंता डी वी सिंह मुदार्बाद के नारे लगे। विरोध प्रदर्शन में शंकरलाल वत्स, ऋषि राज व्यास, विजय गोस्वामी, अमित तिवारी, कांता प्रसाद बंदूनी, चंदन सिंह मनराल, विकास चंद्रा, जी पी भट्ट, अखिलेश सिंह, सौरभ त्रिपाठी, अरुण श्रीवास्तव आदि लगभग 5 दर्जन लोग सम्मिलित रहे।

## वैशाली में पुस्तक एक्सचेंज मेला विद्यार्थियों ने बदलीं अपनी पुरानी पुस्तकें

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-9 में यंग ऑर्गनाइजेशन द्वारा 'पुस्तक एक्सचेंज मेले' का आयोजन किया गया। पिछले 5 वर्षों से निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित हो रहे इस मेले का वैशाली में यह पहला अवसर था। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस आयोजन में छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का भारी उत्साह देखने को मिला।




ज्ञान के आदान-प्रदान से पर्यावरण संरक्षण का संदेश कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. बी.के. शर्मा, विजय कुमार मिश्रा, संजय रस्तोगी सहित अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया गया। इस मेले की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि जहाँ सैकड़ों बच्चों ने अपनी कक्षा की पुरानी पुस्तकें दान कीं, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपनी अगली कक्षा के लिए आवश्यक पुस्तकें निःशुल्क प्राप्त हुईं।

संस्था के प्रतिनिधि अनिरुद्ध वशिष्ठ ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम करना है, बल्कि कागज की बचत कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना भी है।

## वार्ड 78 में 50 लाख की लागत से चमकेगी ऋषभ पार्क की सड़कें, विकास कार्यों का शुभारंभ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन वार्ड-78 में ऋषभ पार्क परिसर के चारों ओर सड़क नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। पार्षद निधि से होने वाले इस कार्य पर 50 लाख रुपये से अधिक की लागत आएगी।



क्षेत्रीय विकास की इसी कड़ी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व महामंत्री पप्पू पहलवान एवं स्थानीय पार्षद ओमवती देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर कार्य का उद्घाटन किया। इस दौरान पप्पू पहलवान ने कहा कि क्षेत्र का चौमुखी विकास हमारी प्राथमिकता है और जनता को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

ऋषभ पार्क सोसाइटी के चारों तरफ की सड़कें लंबे समय से मरम्मत की बाट जोह रही थीं। इस नवीनीकरण कार्य के शुरू होने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि जलभराव जैसी समस्याओं से भी निजात मिलेगी। इस अवसर पर अध्यक्षः डी.एन. कॉल चिंतन दुबे, भूषण लाल टिंगलू, प्रेम त्यागी, सुभाष गुर्जर, लालू जी, शत्रुघ्न लाल, सुनील शर्मा। जगदीश सती, रमोला , महावीर सिंह रावत, योगराज शर्मा, भूपेंद्र गोस्वामी, प्रदीप देवली, सुमन सती, मोनिका टिक्कू, निशा चौहान, ऋषभ शर्मा, केशव सक्सेना, शैलेंद्र सक्सेना और राजेंद्र सिंह ठाकुर आदि। क्षेत्रीय

## पार्षद कुसुम गोयल ने वैशाली सेक्टर-1 में सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-1 स्थित मॉडर्न स्कूल के चारों ओर बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम आवागमन के लिए सड़क निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल ने कार्य की शुरूआत कराई। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समाजस्वेी के.एल. शर्मा ने नारियल तोड़कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान इस दौरान स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस सड़क के बनने से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विकास कार्यों की दी जानकारी पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का ब्योरा साझा किया। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के कायाकल्प के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।



उन्होंने इस योजना की स्वीकृति और सहयोग के लिएःमहापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक, का विशेष रूप से आभार प्रकट किया। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का फूल-माला पहनाकर अभिनंदन किया गया इस अवसर पर समाजसेवी गीता गुप्ता, पूनम गुप्ता, शैफाली तिवारी, अशोक गुप्ता, प्रदीप सिसोदिया, अनुराग भटनागर, केवल राणा, एस.सी. तिवारी, पंकज शर्मा, महेश, संदीप वर्मा, मनोज गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, पी.के. तुली, शिव शंकर उपाध्याय, सतीश लाखेड़ा, संतोष प्रकाश, रविंद्र सिंह, अरविंद, दिनेश शर्मा, डी.के. सिंह, विपुल, तेजवीर सिंह, योगेश शर्मा, गुजराल और अमर अरोड़ा आदि मौजूद रहे।